50 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डांक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022- | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 10 °c | अधिकतम 27 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 94127-10840, 9368549219 | संस्थापक : उत्तम चंद्र शर्मा | रोजाना सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 6:46, सूर्यास्त : 5:22 | वर्ष : 50/ अंक : 319 | रविवार, 20 नवम्बर 2022 | मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष, एकादशी, सम्वत् 2079 | मूल्य 3 रु. | पृष्ठ-4

**आज की अमृतवाणी**

बोलना तो बचपन में ही सीख लिया जाता है, लेकिन क्या बोलना है यह सीखना मुश्किल है।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

मैच गुजरात में चल रहा है और राहुल महाराष्ट्र में बल्ला भांज रहे हैं : शिवराज सिंह चौहान



तभी तो कहा है........ कहीं पे निगाहें.....कहीं पे निशाना

# निकाय चुनाव : आरक्षण चक्र को लेकर अटकी उम्मीदवारों की सांसें

**-नगरपालिका और नगर पंचायतों में अध्यक्ष और सदस्य पद पर जारी होनी है आरक्षण सूची**

**-मुजफ्फरनगर नगरपालिका में चेयरमैन के सामान्य और पिछड़े वर्ग के उम्मीदवारों की है लम्बी फेहरिश्त**

मुजफ्फरनगर, 19 नवम्बर (बु.)। जिले में नगरपालिका और नगरपंचायतों में चुनाव को लेकर अभी अधिसूचना जारी नहीं हुई है, लेकिन सम्भावित उम्मीदवारों ने अपनी चहलकदमी तेज कर दी है। अध्यक्ष और सदस्य पद पर अगले कुछ दिनों में आरक्षण चक्र को लेकर तस्वीर साफ होने की उम्मीद है। अध्यक्ष पद के अधिकांश उम्मीदवारों की नजर आरक्षण पर टिकी है। आरक्षण सूची जारी होने के बाद अधिकांश प्रत्याशी अपने पत्ते खोलेंगे। सबसे ज्यादा उम्मीदवार मुजफ्फरनगर नगरपालिका चेयरमैन पद पर नजर आ रहे हैं। इनमें सामान्य और पिछड़ी जाति के दोनों उम्मीदवार शामिल हैं। यू.पी. में दिसम्बर माह में नगरपालिका और नगरपंचायत बोर्ड के चुनाव प्रस्तावित हैं। सम्भावित उम्मीदवारों ने अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। मुजफ्फरनगर नगरपालिका में नये परिसीमन के बाद समीकरण बदले हैं। पहले यह सीट वैश्य प्रभावित मानी जाती थी, लेकिन परिसीमन के बाद हर वर्ग के मतों के प्रतिशत में बढ़ोत्तरी हुई है। इस कारण हर वर्ग में दावेदार बन गये हैं। शहर से लगे 11 गांव के नगरपालिका का हिस्सा बन जाने के बाद वहां के प्रधान रह चुके लोग भी चेयरमैन बनने का सपना संजोए हुए हैं। चचाओं की मानें तो पालिका अध्यक्ष पद के लिए दावेदारों की लम्बी सूची है। अब तक 40 से अधिक नाम हवा में तैर रहे हैं। सबसे ज्यादा मारामारी भाजपा का टिकट पाने को लेकर है। निकाय चुनाव की अधिसूचना जारी होने से पहले नगरपालिका, नगरपंचायतों में अध्यक्ष और सदस्य पद पर आरक्षण का निर्धारण होना है। कौन सी सीट पिछड़े वर्ग के खाते में जायेगी और किस पर महिला उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा सकेंगी। पहले 19 नवम्बर तक आरक्षण सूची जारी होने की खबरें आ रही थी। ऐन वक्त पर विक्रम सैनी की सदस्यता जाने के बाद खतौली उपचुनाव घोषित होने से निकाय चुनाव थोड़ा आगे खिसकने की उम्मीद जताई जा रही है। सूत्रों का कहना है कि अगले कुछ दिनों में आरक्षण निर्धारण हो सकता है। आरक्षण सूची जारी होने के बाद ही उम्मीदवारों की सही तस्वीर सामने आने की उम्मीद है, क्योंकि आरक्षण निर्धारण कई प्रत्याशियों की उम्मीदों पर पानी फेर सकता है, तो कई उम्मीदवारों के चेहरे खिला सकता है। नगरपालिका और नगरपंचायतों में कई ऐसे उम्मीदवार हैं, जिन्होंने अभी तक अपने पत्ते नहीं खोले हैं। उन्हें आरक्षण सूची जारी होने का इंतजार है।

## महिला की संदिग्ध हालत में मौत, बाथरूम में मिला शव

मुजफ्फरनगर, 19 नवम्बर (बु.)। सिविल लाइन थानाक्षेत्र के जनकपुरी निवासी एक महिला की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। महिला का शव बाथरूम में मिला। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मंसूरपुर थानाक्षेत्र के गांव घासीपुरा निवासी मोनी की शादी बीते फरवरी माह में सिविल लाइन थानाक्षेत्र के जनकपुरी निवासी अनुज के साथ हुई थी। शनिवार को वह बाथरूम में नहाने के लिए गई थी, लेकिन काफी देर तक बाहर नहीं निकली। बाहर न निकलने पर स्वजन ने देखा तो वह मृत हालत में मिली। इसी बीच किसी ने पुलिस को सूचना दे दी। सूचना पाकर सिविल लाइन इंस्पेक्टर ब्रिजेश कुमार शर्मा मौके पर पहुंचे। सूचना पाकर मृतका के मायके वाले भी मौके पर पहुंच गये। मायके वालों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इन्कार कर दिया। पुलिस ने उन्हें समझा बुझाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### महिला फालोवर की मौत

मुजफ्फरनगर, 19 नवम्बर (बु.)। पुलिस लाइन में तैनात महिला फालोवर की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर परीक्षण के लिये भेज दिया है। पुलिस लाइन में तैनात महिला फालोवर बेबी शर्मा काफी समय से बीमार चल रही थी। शनिवार सुबह के समय हार्ट अटैक आने से उनका निधन हो गया। बेबी शर्मा पुलिस लाइन स्थित आवास में रहती थी। आरआइ मौहम्मद नदीम ने बताया कि वह काफी समय से बीमार चल रही थी।

### जनकपुरी और महमूद नगर अलग-अलग वार्ड बने

मुजफ्फरनगर, 19 नवम्बर (बु.)। नगर पालिका के परिसीमन में बनाए गए 55 वार्डों में से दो के नामों में बदलाव किया गया है। जनकपुरी और महमूदनगर अलग-अलग वार्ड होंगे। उत्तर प्रदेश के प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात ने इस संबंध में नगर पालिका को पत्र जारी कर बताया है कि नगर पालिका के परिसीमन में वार्ड 32 को महमूदनगर प्रथम और वार्ड 52 को महमूदनगर द्वितीय का नाम दिया गया था। शासन स्तर पर किए गए बदलाव के बाद इन दोनो वार्डों के नाम में परिवर्तन किया गया है। पालिका प्रशासक अनूप कुमार ने बताया कि महमूदनगर प्रथम का नाम अब जनकुपरी कर दिया गया है। महमूदनगर द्वितीय अब महमूदनगर के नाम से जाना जाएगा। यह टंकण संबंधी त्रुटि थी, जिसे ठीक कर दिया गया है। अब दोनों वार्डों को जनकपुरी और महमूदनगर के नाम से ही जाना जाएगा।

## मासूम बालिका के साथ अधेड़ ने किया रेप का प्रयास

मुजफ्फरनगर, 19 नवम्बर (बु.)। चरथावल क्षेत्र के गांव में देर सायं एक 4 साल की बच्ची के साथ रेप का प्रयास किया गया था। पीड़ित बच्ची के पिता ने पुलिस में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि शुक्रवार देर सायं उसकी 4 साल की बेटी घर के बाहर खेल रही थी। आरोप है कि उनके पड़ौस में रहने वाला 52 वर्षीय बिल्ला पुत्र तेजवीर आया और उसकी बेटी को टॉफी दिलाने के बहाने खेतों में साथ ले गया, जहां उसकी बेटी के साथ आरोपी ने गलत काम करने का प्रयास किया। बच्ची के चींखने चिल्लाने पर आसपास के खेतों पर काम करने वाले मौके की और दौड़े। लोगों को करीब आता देख आरोपी फरार हो गया। एसएचओ चरथावल राकेश शर्मा ने बताया कि पीड़िता के पिता की तहरीर पर पोक्सो एक्ट एवं अन्य संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को अरेस्ट कर लिया गया है। बताया कि आरोपी का चालान किया जा रहा है।

# फर्जी दिव्यांग सर्टीफिकेट से सुविधाओं पर डाका

**-रोडवेज अधिकारियों की चैकिंग में मिला फर्जी दिव्यांग -सिर्फ 17 सौ रुपये में स्वस्थ व्यक्ति ने खरीदा फर्जी सर्टीफिकेट -दो फर्जी दिव्यांगों को पकड़कर पुलिस को किया सुपुर्द**

मुजफ्फरनगर, 19 नवम्बर (बु.)। सरकारी सुविधाओं का लाभ लेने अच्छे खासे लोग दिव्यांग बन रहे हैं। जिले में फर्जी दिव्यांग सर्टीफिकेट व परिचय पत्र बनाने का खुलासा हुआ है। मामला उस समय खुला जब एक स्वस्थ युवक द्वारा रोडवेज बस में दिव्यांग परिचयपत्र पेश किए जाने के बाद मामले की छानबीन की गई। इसके बाद अभी उक्त युवक और उसका फर्जी सर्टीफिकेट बनाने वाले एक अन्य युवक को पकड़ा गया है, लेकिन फर्जी दिव्यांग परिचयपत्र का यह खेल लंबा हो सकता है। दिव्यांगों को मिलने वाली सरकारी सुविधाओं पर डाका डालने का खेल सामने आया है। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के चेकिंग अधिकारियों के द्वारा जिले में फर्जी दिव्यांग का मामला प्रकाश में आया। शनिवार को जब परिवहन निगम के सहायक यातायात निरीक्षक याकूब अली एवं केके शर्मा द्वारा मुजफ्फरनगर-शामली बाईपास मार्ग पर शहर की ओर शामली से आ रही अनुबंधित बस संख्या यूपी-12 टी 1136 का निरीक्षण किया गया। टीम को निरीक्षण करते समय रोडवेज बस में एक यात्री अजय मलिक के पास दिव्यांग का पास मिला। बस में सवार हुए इस यात्री को देखने से ऐसा लग रहा था कि जैसे यह दिव्यांग नहीं है। ऐसे में अधिकारियों के द्वारा यात्री की गहनता से जांच करने पर पाया गया कि उसके पास मिला दिव्यांग का परिचय पत्र फर्जी है, जिसे चेकिंग टीम बस स्टेशन पर मुजफ्फरनगर रोडवेज डिपो कार्यालय लेकर पहुंची, जहां पर उससे पूछताछ करने पर उसने बताया कि वह दिव्यांग नहीं है और पूरी तरह से स्वस्थ है। पूछताछ में उसने बताया कि उसका यह दिव्यांग प्रमाण पत्र अश्वनी बालियान नामक व्यक्ति के द्वारा 1700 रुपए में बनाया है। ऐसे में अधिकारियों ने अश्वनी को भी टेलीफोन करके बस स्टेशन पर बुलवाया और दोनों की वीडियो बनाई गई।अधिकारियों की मौजूदगी में वीडियो में अश्वनी बालियान ने स्वयं स्वीकार किया कि उसने ही अजय मलिक से 1700 रुपए लेकर फर्जी दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाया है। इस दौरान अश्वनी के पास से भी फर्जी दिव्यांग सर्टीफिकेट मिला। इन दोनों को अधिकारियों ने बाद में शहर कोतवाली की वहलना पुलिस चौकी पर पुलिस के हवाले कर दिया गया।



### फर्जी दिव्यांग परिचय पत्र गिरोह के और भी लंबे हो सकते हैं हाथ

मुजफ्फरनगर, 19 नवम्बर (बु.)। यूपी रोडवेज के मुजफ्फरनगर डिपो के वरिष्ठ केंद्र प्रभारी राजकुमार तोमर ने बताया कि चैकिंग में मिले इन दोनों युवकों को वहलना चौकी पुलिस को सौंप दिया गया है। उन्होंने बताया कि पकड़े गए यात्री और दूसरे युवक के पास से भी उसका स्वयं का दिव्यांग परिचय पत्र मिला है, जबकि वह व्यक्ति भी दिव्यांग नहीं है। पुलिस की जांच के बाद ही इस गिरोह का भंडाफोड़ हो सकेगा। उन्होंने कहा कि दिव्यांगों को निशुल्क यात्रा सुविधा का अवैध रूप से लाभ उठाने के लिए यह खेल किया जा रहा था। आगे का पुलिस का है कि वह इस मामले की सही ढंग से जांच करे, क्योंकि इस तरह के परिचयपत्र बड़ी संख्या में हो सकते हैं। इसके साथ ही सभी परिचालकों को भी निर्देशित किया गया है कि दिव्यांग परिचयपत्रों की भली प्रकार जांच करें और किसी सही दिव्यांग को परेशान ना करें।

# क्या गुल खिलाएगा खतौली में गुज्जर झगड़ा

**-चुनाव में जातीय पंचायतों का दौर हुआ तेज**

**-बाहरी बनाम स्थानीय गुर्जर पर टिकी बहस**

ऋषिराज राही

मुजफ्फरनगर, 19 नवम्बर (बु.)। चुनावी आचार संहिता में भले सांप्रदायिक और जातीय नारे प्रतिबंधित हों, लेकिन सच यह है कि जातीय जोड़-तोड़ चुनावी गणित का जोड़तोड तल्ख हकीकत है। खतौली के उपचुनाव को लेकर भी जातीय पंचायतों का सिलसिला शुरू हो चुका है। हालांकि इस चुनाव में गुज्जर झगड़ा पूरे चुनाव में सबसे ज्यादा चर्चा में रहने वाला है। इसके चलते दोनों मुख्य मुकाबले के दलों में गुर्जर नेताओं के जरिए इस वर्ग की वोटों को अपने पाले में खींचने की होड़ तेज हो गई है। यूं तो खतौली उप चुनाव को लेकर कई जातीय वोटों के ठेकेदार सक्रिय हो चुके हैं, लेकिन इस बार गुर्जर राजनीति पर केंद्रित हो चुके इस चुनाव में गुर्जर वोटों को लेकर धमाचौकड़ी मचने वाली है। इसकी शुरूआत टिकट वितरण के साथ ही शुरू हो चुकी है। दरअसल रालोद ने यहां गुर्जर प्रत्याशी खड़ा करने का मन बनाया तो पार्टी के दिग्गज युवा नेता अभिषेक चौधरी को मैदान में उतारे जाने की चर्चा थी। उन्हें रालोद सुप्रीमो की ओर से आश्वासन भी मिला था। लेकिन ऐन वक्त पर बाहरी गुर्जर उम्मीदवार के रूप में मदन भैया को मैदान में उतारने के बाद अभिषेक समर्थकों का विरोध शुरू हो गया। इसकी परिणति अभिषेक चौधरी के रालोद छोड़ने और भाजपा में शामिल होने को लेकर हुई। ऐसे में अब इस बात को लेकर कयास लगाए जा रहे हैं कि इलाके का गुर्जर मतदाता किस तरफ का रुख करेगा। मदन भैया समाज के बाहुबलि नेता माने जाते हैं। ऐसे में वे खुद ही गुर्जर वोटों को प्रभावित करने के लिए जुट चुके हैं। दूसरी ओर भाजपा में जहां पहले से ही यशपाल पंवार से लेकर हाल में शामिल हुए अभिषेक चौधरी तक कई स्थानीय गूर्जर नेता हैं, वहीं रालोद में रमा नागर जैसे चेहरे मदन भैया की कितनी मदद कर पाएंगे यह बता पाना मुश्किल है। बहरहाल इस चुनाव में गूर्जर नेताओं की फौज उतर चुकी है। भाजपा की ओर से ऊर्जा राज्यमंत्री सोमेंद्र तोमर, एमएलसी वीरेंद्र सिंह तथा वरिष्ठ नेता यशपाल पंवार और अभिषेक चौधरी मैदान में उतरे हैं। उन्होंने आज मिल परिसर में विधानसभा क्षेत्र के प्रमुख लोगों के साथ बैठक कर उन्हें समझाया कि इस वर्ग को सबसे ज्यादा सम्मान भाजपा ने ही दिया है। दूसरी ओर मदन भैया भाजपा नेताओं के निशाने पर आने के बाद विक्टिम कार्ड खेल रहे हैं। रालोद सपा गठबंधन भी अपने गुर्जर दिग्गजों को मैदान में उतारने की तैयारी कर रहा है

### बयान का बहाना, बाहुबली पर निशाना

मुजफ्फरनगर, 19 नवम्बर (बु.)। मदन भैया द्वारा बाहुबलि का समर्थन करते हुए केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ.संजीव बालियान को लेकर निशाना साधते हुए उनके परिजनों को अपराधी बताए जाने के मामले को भी तूल मिल रही है। बताया गया है कि इसे लेकर जाट समुदाय के लोग काफी गुस्साए हैं और कल इसे लेकर पंचायत कर रहे हैं। इसमें जाहिर है कि निशाना मदन भैया होंगे। जाट महासभा में कुछ लोगों ने मदन भैया के इस बयान को लेकर उन्हें घेरने की रणनीति बनायी है।

## बोले विक्रम सैनी: महिला के हाथों पिटेगा बाहुबली

मुजफ्फरनगर, 19 नवम्बर (बु.)। खतौली उप चुनाव में बाहुबली की एंट्री के बाद चुनावी भाषण इस पर केंद्रित हो चुके हैं। ऐसे में निवर्तमान भाजपा विधायक विक्रम सैनी ने बिना किसी का नाम लिए कहा कि इस चुनाव में बाहुबली महिला के हाथों से पिटेगा और इसके बाद वापस लौट जाएगा।

आज सोशल मीडिया पर विधायक का यह बयान वायरल हुआ। इसमें विक्रम सैनी ने कहा कि वे बहन-बेटियों के सम्मान की लड़ाई लड़ते हुए जेल गए थे। उन्होंने कहा कि बाहुबलि इस बार महिला के हाथों पिटकर जाएगा। सैनी ने यह भी कहा कि मेरी पत्नी ने मुझे ही फिट रखा, इसलिए मैं आपकी सेवा करता रहा। घरवाली फिट रखने वाली न हो तो आदमी फिट नहीं रह सकता। राजनीति तो बिल्कुल भी नहीं कर सकता।

### मुख्यमंत्री योगी आज सहारनपुर में

सहारनपुर, 19 नवंबर (वार्ता)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 20 नवंबर को सहारनपुर दौरे पर रहेंगे। वे सहारनपुर में महाराज सिंह डिग्री कॉलेज के मैदान पर प्रबुद्ध सम्मेलन को संबोधित करेंगे। प्रशासन तैयारियों में जोर-शोर से जुटा है। सीएम विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण भी कर सकते हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 20 नवंबर को 3:00 बजे महाराज सिंह डिग्री कॉलेज के मैदान पर एक प्रबुद्ध जन सम्मेलन को संबोधित करेंगे जिसके लिए भारतीय जनता पार्टी के जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारी लगे हुए हैं।

### सड़क हादसे में गाड़ी चालक की मौत

मुजफ्फरनगर, 19 नवम्बर (बु.)। नई मंडी थाना क्षेत्र के भोपा रोड बाईपास पर हुए सड़क हादसे में एक गाड़ी चालक की मौत हो गई। उसे उपचार के लिये जिला अस्पताल लाया गया था, जहां से नाजुक हालत में उसे मेरठ रेफर किया गया था। मेरठ ले जाते समय उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर परीक्षण के लिये भेज दिया है। पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा के जगाधरी निवासी मोंटू उर्फ जितेन्द्र शुक्रवार देर रात मैक्स गाड़ी लेकर भोपा रोड से आ रहा था। जैसे ही वह नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के भोपा रोड फ्लाइओवर पर पहुंचा, तो उसकी गाड़ी आगे चल रहे ट्रक में पीछे से घुस गई। हादसे में वह घायल हो गया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से उसे मेरठ के लिये रेफर कर दिया गया। मेरठ ले जाते समय उसकी मौत हो गई।

**एस०डी० कालिज ऑफ इन्जिनियरिंग एण्ड टैक्नोलॉजी**

जानसठ रोड मुजफ्फरनगर

(बी०टी०ई० लखनऊ से सम्बद्ध)

पॉलीटेक्निक डिप्लोमा पाठ्यक्रमो में काउंसिलिंग के उपरान्त रिक्त सीटों पर सीधे प्रवेश का सुनहरा अवसर

प्रवेश की अन्तिम तिथि – 02 दिसम्बर, 2022

कार्यालय सप्ताह के प्रत्येक दिन खुला रहेगा।

| ब्रॉच | अवधि/अर्हता | रोजगार के अवसर |
|---|---|---|
| सिविल इन्जि0 | तीन वर्ष/10वी | सरकारी एवं निजी क्षेत्र में जूनियर इंजीनियर/ स्वरोजगार एवं अन्य विभिन्न अवसर |
| इलैक्ट्रिकल इन्जि0 | तीन वर्ष/10वी | |
| मैकेनिकल इन्जि0 (प्रोडक्शन) | तीन वर्ष/10वी | |
| कम्प्यूटर सांइस एण्ड इन्जि0 | तीन वर्ष/10वी | |
| लैट्रल एन्ट्री (द्वितीय वर्ष में प्रवेश) | दो वर्ष– आई0टी0आई0/12वी–विज्ञान | |

**विशेषताऐं**

| | |
|---|---|
| ➢ इन्जिनियरिंग शिक्षा हेतु प्रदेश की अग्रणी संस्था | ➢ सभी छात्रों को मेरिट आधारित स्कॉलरशिप |
| ➢ सर्वोत्तम शिक्षक (पी0एच0डी0 एवं एम0टैक) | ➢ प्लेसमेंट (60 प्रतिशत पिछले तीन वर्षो से) |
| ➢ उत्तम परीक्षा परिणाम | ➢ पूर्ण अनुशासन |
| ➢ स्कॉलरशिप व फीस प्रतिपूर्ति योजना प्रभावी | ➢ सर्वोत्तम लेब एवं लाईब्रेरी सुविधा |

E-mail- sdenggpoly528@gmail.com, web-www.sdcetmzn.org

Mobile No./WhatsApp- 9415511456, 8410020785, 9319408828

LAST DATE | Online Registration Re-open For Maa Shakumbhari University, Saharanpur | Last Date: 20.11.2022

**S.D. GROUP OF COLLEGES**

(Under the Aegis of THE SANATAN DHARM COLLEGE ASSOCIATION)
[Affiliated to Dr. APJ Abdul Kalam Tech. Univ, Lucknow (Formerly UPTU)
& CCS University, Meerut, Maa Shaukumbhari University, Saharanpur
& Approved by AICTE, PCI, BCI, MHRD, New Delhi ]

Register Now for 2022-23 | Sunday Open

@ www.sdgroupofcolleges.edu.in

S.D. COLLEGE OF MANAGEMENT STUDIES — MBA MCA BFA B.Sc(Comp. Sc.) BBA BCA D.El.Ed — 8937095004/06/07/08/14/26

S.D. COLLEGE OF COMMERCE — M.COM M.Sc(Food & Nutrition) B.Sc(Micro. Bio) B.COM B.Sc(Home Sc.) B.A. B.Sc(Maths/ Bio.) — 8937095005/ 13/ 15/ 17/ 19

S.D. COLLEGE OF PHARMACY & VOCATIONAL STUDIES — M.PHARM B.PHARM D.PHARM — 8937095011/ 27

S.D. COLLEGE OF LAW — B.A.; LL.B. B.COM.; LL.B. LL.B. — 9837556545 / 9897259855 / 9927275998

Free Online Registration for Maa Shakumbhari University Courses

BBA, BCA, BFA, B.Sc(CS), B.COM, B.A. B.Sc(Maths/ Bio), B.Sc(H.Sc.), B.Sc (Micro Bio.)

Our Partners: BAJAJ FINSERV, National Cadet Corps, ICWAI, UNNAT BHARAT ABHIYAN, रा.इ.सू.प्रौ.सं NIELIT

आपके अपने शहर मुजफ्फरनगर का पहला रेडियो स्टेशन

RADIO SD 90.8 FM

Campus: Bhopa Road, Muzaffarnagar

Mob.- 8937095012

# एक अध्यापक के हाथों में 150 बच्चों का भविष्य

**- नाहिद कॉलोनी के बाशिंदों को नहीं मिल रही मूलभूत सुविधाएं**
**- अध्यापक की नियुक्ति व राशन मुहैया कराने की मांग**

कैराना, 19 नवम्बर (बु.)। दंगा विस्थापित नाहिद कॉलोनी के बाशिंदे सरकारी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। यहां सरकारी राशन पाने के लिए लोग भटक रहे हैं, तो बच्चों को पुष्टाहार वितरित नहीं हो रहा है। यही नहीं, कॉलोनी के करीब 150 बच्चों का भविष्य भी मात्र एक अध्यापक के हाथों में हैं।

इसे लेकर अभिभावक चिंतित हैं। उन्होंने एडीएम को प्रार्थना पत्र देकर अध्यापक की नियुक्ति व राशन मुहैया कराने की मांग की है। शनिवार को सामाजिक संस्था एक्शन ऐड इंडिया के कार्यकर्ता रिजवान सैफी के नेतृत्व में नाहिद कॉलोनी निवासी दर्जनों व्यक्तियों एवं महिलाओं ने तहसील मुख्यालय पर पहुंचकर एडीएम को प्रार्थना पत्र दिया। बताया कि कॉलोनी में वर्ष 2013 के दंगे के बाद वें निवास कर रहे हैं। वर्ष 2018 में डीएम के निर्देश पर कॉलोनी में अध्यापकों की नियुक्ति हुई थी, लेकिन कुछ दिनों बाद ही एक अध्यापक का यहां से स्थानांतरण हो गया था।

इसके बाद यहां मात्र एक अध्यापक जियाउल हक द्वारा पढ़ाया जा रहा है। बच्चों का स्थायी तौर पर नामांकन भूरा गांव के प्राइमरी स्कूल नंबर-2 व 3 में हैं। यहां बच्चों की संख्या करीब 150 है। ऐसे में एक अध्यापक के भरोसे इनका शैक्षिक कार्य चल रहा है। बच्चों के भविष्य को लेकर अभिभावक चिंतित हैं। वहीं, मध्याह्न में बच्चों को मिड-डे मील नहीं मिलने के कारण कुपोषण का शिकार होने की आशंका है। कॉलोनीवासियों ने बताया कि उनके राशन कार्ड आर्यपुरी में उचित दर की दुकान से संबद्ध है। लगभग तीन किमी. की दूरी के कारण कार्डधारकों को राशन नहीं मिल पा रहा है या फिर उन्हें चक्कर काटने पड़ रहे हैं। उन्होंने कॉलोनी में राशन की दुकान आवंटन कराने तथा अध्यापक की नियुक्ति की मांग की है।



## होमगार्ड व एसआई पर अभद्रता का आरोप

कैराना, 19 नवम्बर (बु.)।अधिवक्ता के मुंशियों के साथ में होमगार्ड व एसआई पर अभद्रता करने का आरोप लगा है। मामले में एएसपी ने जांच के निर्देश दिए हैं। मो. शादाब जंग व राहुल ने अधिवक्ताओं के साथ संपूर्ण समाधान दिवस में एएसपी को शिकायती पत्र दिया। पत्र में बताया कि वह कचहरी में सीनियर अधिवक्ता के पास प्रैक्टिस करते हैं। शुक्रवार की शाम करीब साढ़े चार बजे वह कचहरी से कार्य निपटाकर घर जा रहे थे। इसी दौरान कोतवाली के सामने कुछ परिचित लोगों से बातचीत करने लगे। आरोप है कि तभी गेट पर होमगार्ड व एसआई ने उनके साथ में अभद्र भाषा का प्रयोग किया तथा उनका मोबाइल छीनकर जमीन पर पटक दिया। उन्होंने मामले में कार्रवाई की मांग की। एएसपी ने पूरे प्रकरण की जांच के निर्देश देते हुए पीड़ितों को कार्रवाई का आश्वासन दिया है।



# जल्द निस्तारण करें शिकायतों का : एडीएम

**- तहसील में एडीएम की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित**
**- 42 शिकायती प्रार्थना पत्रों में से मौके पर पांच का निस्तारण**

कैराना, 19 नवम्बर (बु.)। एडीएम संतोष कुमार सिंह ने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त होने वाली शिकायतों का संबंधित विभागों के अधिकारी प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित करें। इसमें लापरवाही को बर्दास्त नहीं किया जायेगा। शनिवार को तहसील सभागार में अपर जिलाधिकारी संतोष कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान उन्होंने फरियादियों की समस्याएं सुनते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप शिकायती प्रार्थना पत्रों का निस्तारण होना चाहिए। संबंधित विभागों के अधिकारी मौके पर जाकर कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही मिलने पर संबंधित अधिकारी की जवाबदेही तय होगी। एएसपी ओपी सिंह ने कहा कि पुलिस फरियादियों की शिकायतों पर त्वरित आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें। फरियादी इंसाफ के लिए भटकने नहीं चाहिए। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान अवैध कब्जे, सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने व आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग आदि से संबंधित कुल 42 शिकायती प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए, जिनमें से मौके पर पांच शिकायती पत्रों का निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायती पत्रों को संबंधित विभागों को प्रेषित कर दिया गया। इस दौरान एसडीएम शिवप्रकाश यादव, सीओ अमरदीप मौर्य, तहसीलदार प्रियंका जायसवाल आदि मौजूद रहे।

## गैंगस्टर के आरोपियों की तलाश में दबिश, नहीं मिले आरोपी

कैराना, 19 नवम्बर (बु.)। पुलिस ने गैंगस्टर के दो आरोपियों की तलाश में दबिश अभियान चलाया, लेकिन पुलिस को कोई सफलता हाथ नहीं लग सकती है और पुलिस वापस बैरंग लौट गई। रात्रि के दौरान जनपद शामली के थाना गढ़ी पुख्ता पर तैनात एसआई विपिन के नेतृत्व में गांव अकबरपुर सुनहेटी व पावटी कला में दबिश अभियान चलाया, लेकिन पुलिस को कोई भी सफलता हाथ नहीं लग सकी। कैराना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक पंकज कुमार त्यागी ने बताया कि गढ़ी पुख्ता थाने की पुलिस ने आमद दर्ज कराई थी और गैंगस्टर के आरोपियों की तलाश में दबिश दी गई है, लेकिन दोनों आरोपी पुलिस के हत्थे नहीं चढ़े, जिसके बाद पुलिस बैरंग लौट गई।

## एसडी कॉमर्स की छात्रा ने किया जिले का नाम रोशन

मुजफ्फरनगर, 19 नवम्बर (बुस.)। चौ. चरण सिंह विश्वविद्यालय द्वारा घोषित सत्र 2021-2022 के एमकॉम के परीक्षाफल में एसडी कॉलेज ऑफ कॉमर्स की छात्रा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस सत्र मे महाविद्यालय की छात्रा प्रियंका रॉयल पुत्री अर्जुन सिंह ने विश्वविद्यालय की मैरिट में द्वितीय स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय व जिले का नाम रोशन किया।

छात्रा को विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित 34वें दीक्षांत समारोह में कुलपति द्वारा भी पुरस्कृत किया जायेगा। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रांगण में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सचिन गोयल एवं विभाग के सभी शिक्षकों के द्वारा छात्रा को इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रतीक चिन्ह भेट कर पुरस्कृत किया गया। छात्रा प्रियंका रॉयल ने इस उपलब्धी का श्रेय महाविद्यालय की शिक्षणेत्तर नीतियां, प्राचार्य व समस्त शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन एवं माता-पिता के आशीर्वाद को दिया। वाणिज्य संकाय के विभागाध्यक्ष डॉ. रवि अग्रवाल ने छात्रा के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन को छात्रा व शिक्षकों के कठिन परिश्रम का परिणाम बताया तथा यह कहा कि सफलता को पाने के साथ-साथ भविष्य में भी निरन्तर सफल होना भी एक चुनौती है।

उन्होंने छात्रा को आगे भी इस उत्कृष्ट प्रदर्शन को बनाये रखने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य डॉ. सचिन गोयल ने छात्रा प्रियंका रॉयल को उनके इस प्रदर्शन के लिए बधाई देते हुए कहा कि उन्हें भविष्य में भी इसी प्रकार से नित नई ऊचाईयों को पाने के लिए प्रयासरत रहना चाहिए तथा अन्य छात्र/छात्राओं को भी इनसे प्रेरणा लेते हुए महाविद्यालय के साथ-साथ अपने अभिभावकों तथा अपने राष्ट्र का नाम भी रोशन करना चाहिए।

प्रतिस्पर्धा के इस दौर में छात्र/छात्राएं अपनी मेहनत व लगन से ही हर क्षेत्र में अपना वर्चस्व स्थापित कर सकते है। इस अवसर पर डॉ. नवनीत वर्मा, डॉ. नवेद अख्तर, डॉ. रिंकु एस गोयल, डॉ. सुरेश चन्द शुक्ला, डॉ. जगमोहन सिंह जोदान, डॉ. मौ. नदीम, डॉ. माधुरी अरोरा, डॉ. अजय महेश्वरी, प्रशान्त शर्मा, मानसी अरोरा, नुपूर अरोरा, प्राची चौधरी, डॉ. अतुल वर्मा, अमन वर्मा, पूजा दीक्षित आदि मौजूद रहे।

## मिल की छायी से परेशान महिलाओं का प्रदर्शन

शामली, 19 नवम्बर (बु.)। शहर में शुगर मिल से निकलने वाली काली छाई का मुद्दा आज फिर कलेक्ट्रेट में छाया रहा, जहां कट्टे में छाई भरकर पहुंची दर्जनों महिलाओं ने शुगर मिल के खिलाफ जमकर प्रदर्शन करते हुए डीएम से छाई से निजात दिलाने की मांग की, जिसके बाद मौके पर पहुंचे शुगर मिल अधिकारियों ने एक हफ्ते में छाई से निजात दिलाए जाने का आश्वासन दिया, जिसके बाद मामला शांत हो पाया। वहीं लोगों ने एक हफ्ते में समस्या का समाधान ना होने पर चक्का जाम करने की चेतावनी दी है।

शहर स्थित शुगर मिल से निकलने वाली काली छाई से शहर के लोगों को हो रही परेशानियों को लेकर मौहल्ला रेलपार निवासी दर्जनों महिलाएं शनिवार को फिर से कट्टे में काली छाई लेकर डीएम ऑफिस पहुंची। जहां उन्होंने कलेक्ट्रेट परिसर में छाई डालकर शुगर मिल के खिलाफ प्रदर्शन किया। जहां प्रदर्शन कर रहे लोगों ने बताया की शुगर मिल से निकलने वाली काली छाई के कारण उन्हें तमाम तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, जिसके चलते न तो वे बाहर कपड़े सुखा सकते है और ना ही खुले में बैठ सकते हैं।

इसके अलावा शुगर मिल की छाई के कारण सांस एवम आंखो की समस्याएं भी उत्पन्न हो रही हैं, लेकिन कोई भी समाधान नहीं हो पा रहा, जिसके बाद मौहल्ले के लोग जिला अधिकारी से मिले तो उन्होंने तत्काल शुगर मिल के अधिकारियों को कलेक्ट्रेट बुलवाया, जिसके पश्चात शुगर मिल अधिकारियों ने बताया की छाई से निजात हेतु करीब 50 प्रतिशत कार्य हो चुका है और बाकी आगामी एक सप्ताह में हो जाएगा, जिसके बाद प्रदर्शन कर रहे लोग शांत हो पाए, लेकिन उन्होंने आगामी एक सप्ताह में छाई से निजात ना मिलने पर चक्का जाम किए जाने की चेतावनी दी है। शुगर मिल के अधिकारी अपने आश्वासन पर किस हद तक खरा उतर पाते है ये देखने वाली बात होगी।

## गन्ना वाहनों पर लगाए गए रिफ्लेक्टर

शामली, 19 नवम्बर (बु.)। अपर दोआब शुगर मिल में यातायात जागरूकता माह के अन्तर्गत वाहनों पर ट्रेफिक पुलिसकर्मियों के सहयोग से रिफ्लेक्टर टेप लगाए गए ताकि रात्रि में होने वाली दुर्घटनाओं से बचा जा सके। शनिवार को शहर के अपर दोआब शुगर मिल में यातायात जागरूकता माह के अन्तर्गत किसानों के वाहनों व शुगर मिल के वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाई गई। इस दौरान ट्रेफिक इंचार्ज संजय राणा, महाप्रबंधक नरेश कुमार, सहायक महाप्रबंधक दीपक राणा, वरिष्ठ प्रबंधक सुरक्षा डीपीएस रावत ने कर्मचारियों व किसानों को यातायात के नियमों के प्रति जागरूक किया। उन्होने कहा कि रिफ्लेक्टर लगाने से रात्रि में होने वाली दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है। सभी किसान अपने वाहनों पर रिफ्लेक्टर आवश्य लगाये।

## थाना ककरौली पर भाकियू तोमर ने दिया धरना

भोपा, 19 नवम्बर (बु.)। भारतीय किसान यूनियन तोमर ने ककरौली थाने पर धरना देकर घंटों हंगामा किया, जिसके बाद थानाध्यक्ष को ज्ञापन देकर समस्याओं का निस्तारण करने की मांग करते हुए समाधान ना होने पर महापंचायत कर धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी है। थाना ककरौली के गेट पर भारतीय किसान यूनियन तोमर के जिलाध्यक्ष अखिलेश चौधरी ने ज्ञापन देकर बताया कि थाना क्षेत्र के निवासियों का पुलिस द्वारा उत्पीडन किया जा रहा है। जौली मार्ग पर शाम के समय चैकिंग के नाम पर खेत में जाने वाले किसानों को डरा धमका कर उनसे अवैध उगाही की जा रही है। क्षेत्र के गांव में सट्टे का धंधा कराकर अपराध को बढ़ावा देने तथा माफियाओं से सांठगांठ कर खनन कराने का आरोप लगाते गए शीघ्र सभी अपराधिक कृत्यों पर अंकुश लगाने की मांगों को लेकर थानाध्यक्ष जितेंद्र सिंह को ज्ञापन सौंपा गया। पंचायत की अध्यक्षता अब्दुल समद काटका व संचालन प्रमोद तंवर ने किया। इस मौके पर मुख्य रूप से वाजिद रजा, हसीर, अखलाक प्रधान, इरशाद, अरशद खान, नवेद आलम, बिजेंद्र उपाध्याय, इस्तिकार राजपूत, वैभव कंसल, पवन प्रधान, सलेकचन्द शर्मा, चांदवीर सिंह, मदन सैनी, गुलाब सिंह, रूपचंद, बबलू सैनी, तारा प्रधान, पप्पू तेवड़ा, हरीश शिबली आदि उपस्थित रहे।

## पूर्व प्रधानमंत्री इन्दिरा गाँधी की जयंती मनाई

मीरापुर, 19 नवम्बर (बुस.)। कस्बें की शिक्षण संस्था बसन्त शिक्षा सदन इंटर कॉलेज में पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 इंडिया गाँधी की जयंती के अवसर पर प्रधानाचार्य शिवकुमार व अंजु नागर ने संयुक्त रूप से पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गाँधी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस दौरान विद्यालय निदेशक पं. विनोद नागर ने बच्चों को पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गाँधी के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर विद्यालय में प्राईमरी वर्ग में इन्दिरा गाँधी के जीवन पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में क्रमश: कासिफ, शिखा तथा अनमोल व विशु सयुंक्तरूप से पहले दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे,दूसरी तरफ जूनियर वर्ग में कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें गार्गी प्रथम,वाशु द्वितीय व ईरम तृतीय स्थान पर रहे।विद्यालय प्रबंधन ने विजेता बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्यरूप से वेदप्रकाश, सेवाराम, शेखर सिंह समेत सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

## पालिका में मनाया गया वर्ल्ड टायलेट डे

कांधला, 19 नवम्बर (बु.)। शनिवार को नगर पालिका परिषद में वर्ल्ड टायलेट डेय मनाया गया। इस दौरान नगर पालिका परिषद के द्वारा नगर के विभिन्न वार्डो में बनाये गए सार्वजनिक शौचालयों को साफ स्वच्छ कर चमकाया गया।

सभी शौचालयों को रंग बिरंगे गुबारों से सजाया गयाए जो नगर के लोगों के लिये आर्कषण का केन्द्र रहे। अधिशासी अधिकारी सुरेश कुमार का कहना है कि शासन के आदेश वर्ल्ड टायलेट मनाया गया।

नगर के लोगों को साफ स्वच्छ शौचालयों के प्रति जागरूक किया गया। इस इस दौरान पालिकाध्यक्ष हाजी वाजिद हसनए मुख्य लिपिक अकरम अंसारीए अशोक कुमारए अमरिश कुमारए शैलेश मलिक सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

## एसडी लॉ के छात्र-छात्राओं ने लहराया परचम

मुजफ्फरनगर, 19 नवम्बर (बुस.)। चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालयए मेरठ द्वारा आयोजित एलएलबी 3 वर्षीय पाठ्यक्रम के संस्थागत सेमेस्टर परीक्षा में एसडी कॉलेज ऑफ लॉ के छात्र-छात्राओं ने अपनी कक्षा में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। इसी क्रम में एलएलबी चतुर्थ सेमेस्टर में प्रबोध कुमार भाटिया ने प्रथम स्थान, चेतना ने द्वितीय स्थान तथा स्वाति गोएल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी छात्र-छात्राओं ने अपने परीक्षा परिणाम के लिए अपने शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त कर अपने शिक्षकों को विश्वास दिलाया कि आगामी परीक्षाओं में भी उनका यह प्रदर्शन निरंतर रहेगा। इस





अवसर पर कॉलेज निदेशक मंजू मल्होत्रा ने कहा कि परीक्षा में भाग लेकर स्वंय को आगे रखने की प्रेरणा प्रत्येक छात्र-छात्रा में होनी चाहिए।

कॉलेज प्राचार्या डॉ. रेणु गर्ग ने कहा कि कॉलेज के प्रत्येक छात्र-छात्रा ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है और उन्हें विश्वास है कि वे विश्वविद्यालय स्तर पर प्रतिभा सूची में अपना नाम दर्ज कराएँगे तथा सभी छात्र-छात्राओं के लिए वे उज्जवल भविष्य की कामना करती है।

छात्रों द्वारा किया गया सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन को श्रेय योग्य उन्नत शिक्षकों को भी दिया जाता है, जिनके मार्गदर्शन के बिना यह सब संभव नही था।

इस अवसर पर डॉ. मुकुल गुप्ता, अमित कुमार, प्रीति लौर, पूनम शर्मा, बीता गर्ग, अभिनव गोयल, अमित त्यागी, वैभव कश्यप, अमित भारद्वाज, छवि जैन, अनीता सिंह, विपुल कुमार, प्रदीप सिंघल, संतोष शर्मा, अभिनव अग्रवाल, उमेश त्रिपाठी, गरिमा तोमर, प्रीति दीक्षित, संजीव कुमार, शुभम सिंघल, विवेक सिरोही, शिवानी धीमान आदि उपस्थित रहे।



## बच्चों ने सीखा मिट्टी के बर्तन बनाना

मुजफ्फरनगर, 19 नवम्बर (बुस.)। दून वैली पब्लिक स्कूल में हस्त कारीगर ने नन्हे बच्चों को मिट्टी के बर्तन बनाने की कला से अवगत कराया कक्षा 3 के विद्यार्थियों ने उनके पर्यावरण विज्ञान के पाठ्यक्रम में मेकिंग पोट्स नामक पाठ के माध्यम से आधुनिकता के साए में लुप्त होती हमारी संस्कृति के बारे में जाना। बच्चों को कुम्हार ने बताया कि बर्तन बनाने के लिए दिन और रात की कठिन परिश्रम की आवश्यकता होती है। इसमें चिकनी मिट्टी का प्रयोग किया जाता है एवं सूख जाने के बाद बड़े पैमाने पर पकाया जाता है। सब बच्चों ने स्वयं अपने हाथों द्वारा चाक पर मिट्टी के बर्तन भी बनाएं, इससे बच्चे अत्यंत खुश एवं उत्साहित दिखाई दिए। बच्चों ने बताया कि उन्हें इससे मिट्टी के बर्तन बनाने की पूर्ण प्रक्रिया का पता चला एवं अपने हाथों से करके देख कर नया अनुभव प्राप्त किया। विद्यालय की ब्रांच हेड मिस ईवा मैम ने बच्चों को नई कला सिखाने के लिए हस्त कारीगर का धन्यवाद दिया।

## शाहपुर में तीन जैन संतों का मंगल प्रवेश



शाहपुर, 19 नवम्बर (बु.)। नगर में शनिवार को तीन जैन संतों का मंगल प्रवेश हुआ। स्थानीय जैन धर्मावलंबियों द्वारा जैन मुनियों को काकड़ा से विहार कराते हुए शाहपुर लाया गया। इस दौरान नगर की सीमा में जैन समाज द्वारा संतो के स्वागत में बैंडबाजे का प्रबंध किया गया था, किंतु तीनों जैन मुनियों ने यह कहते हुए बैंड बाजे को वापस लौटा दिया कि यदि बैंडबाजे के साथ नगर प्रवेश कराया, तो वह वापस लौट जाएंगे। जैन समाज के लोगों ने संतो के आदेश पर बैंड बाजे को वापस भिजवा दिया। इसके बाद तीनों जैन संतों में नगर की भूमि पर अपने चरण धरकर इसे पवित्र कर दिया। संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज के परम शिष्य मुनि मंगलानंद सागर जी महाराज एवं मुनि मंगल सागर जी महाराज तथा क्षुल्लक श्री कमल सागर जी महाराज ने नगर प्रवेश के बाद मौहल्ला महाजनान स्थित श्री पदम प्रभु जिनालय( बड़े जैन मंदिर) में विश्राम किया। तीनों जैन मुनि सुरेंद्र नगर मुजफ्फरनगर में चातुर्मास व्यतीत कर दिल्ली के लिए विहार करते हुए कुछ दिनों के लिए शाहपुर में प्रवास करेंगे। इस दौरान महाराज श्री के प्रवचन भी होंगे। जैन समाज के लोग संतों का आशीर्वाद लेने पहुंच रहे हैं। जैन संत के मंगल प्रवेश के दौरान बालेश जैन, मदन जैन, अरविंद जैन, ललित जैन, पुनीत जैन, अमित जैन आगम जैन, अमित जैन विक्की, वैभव जैन, तरुण जैन, निशू जैन एवं पीयूष जैन आदि मौजूद रहे। जैन मुनियों के आगमन के मद्देनजर नगर पंचायत अध्यक्ष परमेश सैनी के निर्देश पर नगर पंचायत के सफाई नायक राजीव मेहरा के नेतृत्व में पूरे मार्ग पर सफाई की बेहतर व्यवस्था कराते हुए चाक-चबंद इंतजाम किए गए थे।

## सम्राट शाखा द्वारा अपना घर शुक्रताल में नर नारायण सेवा कार्यक्रम का आयोजन

मुजफ्फरनगर, 19 नवम्बर (बुस.)। भारत विकास परिषद सम्राट शाखा द्वारा निरंतर किए जा रहे समाज सेवा के कार्यो को जारी रखते हुए अपना घर आश्रम शुक्रताल में बृहस्पतिवार को दोपहर 12.30 बजे नर नारायण सेवा का कार्यक्रम किया गया, जिसमें लगभग 155 प्रभु जी को दोपहर का भोजन सुनील गर्ग के सौजन्य से कराया गया। कार्यक्रम के आरंभ में सुनील गर्ग एवं सुदेश गर्ग ने भगवान जी को भोग लगाया उसके बाद शाखा के पुरुष एवं महिला सदस्यों ने प्रभु जी को भोजन कराया एवं फल वितरण करके धर्म लाभ उठाया। आश्रम ने उपस्थित सभी सदस्यों को प्रसाद वितरण किया। आश्रम में इस समय लगभग 155 प्रभु जी रहे हैं तथा आश्रम का विस्तार करके 250 व्यक्तियों की व्यवस्था की जा रही है। जैसा कि आप सभी को मालूम है कि इस आश्रम में लावारिस एवं शरीर से अपंग व्यक्तियों का पूरा ध्यान रखा जाता है उनके खाने की, रहने की तथा बीमारी की सभी व्यवस्था आश्रम करता है।आश्रम में दो वेन ड्राइवर सहित उपस्थित रहती है, जो एक फोन कॉल पर किसी भी असहाय एवं जरूरतमंद व्यक्ति को आश्रम में लाकर




उसकी हर प्रकार की व्यवस्था की जाती है। कार्यक्रम के बाद सभी शुक्रताल गए वहां सभी ने जलपान किया। वहां से गंगा जी में मोटर बोट पर सवार होकर लगभग 3 किलोमीटर दूर जाकर सोलानी नदी व गंगा नदी संगम स्थल देखा उसके बाद सभी ने नक्षत्र वाटिका का भ्रमण किया। सभी ने प्राचीन शुकदेव जी मंदिर एवं हनुमंत धाम में हनुमान जी का दर्शन कर धर्म लाभ उठाया। शुक्रताल में यह कार्यक्रम बहुत ही सफल रहा। इस कार्यक्रम में परम कीर्ति शरण, शाखा अध्यक्ष रोहिताश कर्णवाल एडवोकेट, सुनील गर्ग, अजय अग्रवाल एडवोकेट, प्रेम प्रकाश एडवोकेट, डॉ. नितिन जैन, चक्रेश जैन, मनोज कुमार गुप्ता, अशोक सिंघल (पेपर ट्रेडर्स) एवं मातृशक्ति अनीता कर्णवाल, सुदेश गर्ग, मिथिलेश सिंघल, रागिनी जैन, मनीषा अग्रवाल, शशि सिंघल आदि ने उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

## 37 विद्यार्थियों का एचसीएल टैक्नोलॉजीज कम्पनी में हुआ चयन

मुजफ्फरनगर, 19 नवम्बर (बुस.)। श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज में नोएडा की प्रतिष्ठित कम्पनी कोलेबरा टेक्नोलॉजीज प्रा0 लि0, नोएडा ने श्रीराम ग्रुप ऑफ कालेजेज के इंजीनियरिंग की सभी शाखाओं एवं कम्प्यूटर एप्लीकेशन संकाय के विद्यार्थियों को चयन हेतु आंमत्रित किया। कम्पनी प्रतिनिधि सोनू त्यागी, सीनियर मैनेजर एवं कु. सर्वदा त्यागी, कु. रिचा त्यागी एच.आर. रिक्रूटर, कोलेबरा टेक्नोलॉजीज प्रा. लि., नोएडा का संस्थान के निदेशक डॉ. आलोक गुप्ता एवं चीफ ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट कोआर्डिनेटर, डॉ. पवन गोयल ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इसके उपरान्त कम्पनी प्रतिनिधि श्री सोनू त्यागी (सीनियर मैनेजर, कोलेबरा टेक्नोलॉजीज प्रा. लि., नोएडा) ने पॉवर प्वाइंट प्रजेंटेशन द्वारा सभी विद्यार्थियों को कम्पनी के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि कम्पनी का मुख्य कार्य सॉफ्टवेअर इंडस्ट्री की मुख्य कम्पनियों (जैसे- एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टीसीएस, विप्रो, ऐसेनचर आदि कम्पनियों) के लिये छात्र-छात्राओं को चयनित करना है। वर्तमान चयन प्रक्रिया प्रतिष्ठित कम्पनी एचसीएल टैक्नोलॉजीज के लिये की जा रही है। प्लेसमेन्ट प्रक्रिया को 2 चरणों मे विभाजित किया गया प्रथम चरण में



संचार कौशल परीक्षा एवम् द्वितीय चरण व्यक्तिगत साक्षात्कार रहा। इस चयन प्रक्रिया के प्रथम चरण मे श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के 221 छात्र/छात्राऐं सम्मिलित हुये, जिसमे से 117 छात्र/छात्राऐं द्वितीय चरण के लिए चयनित हुये। चयनित हुये 117 छात्रों को व्यक्तिगत साक्षात्कार की प्रक्रिया के लिए आंमत्रित किया गया। साक्षात्कार के उपरांत 37 विद्यार्थियों को अंतिम रूप से चयनित किया गया। चयनित हुये छात्रों को कम्पनी द्वारा ऑफर लैटर दिया गया।

इस अवसर पर श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के चेयरमैन डॉ. एससी कुलश्रेष्ठ ने सभी चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनायें दी तथा अचयनित विद्यार्थियों का मनोबल बढाते हुये आश्वासन दिया कि कॉलेज टेजनिंग एवम प्लेसमैन्टस के लिये लगातार प्रयास कर रहा है तथा भविष्य में उन्हें और भी विकल्प मिलते रहेगें। उन्होनें कहा कि इंजीनियरिंग की सभी शाखाएं एवं कम्प्यूटर एप्लीकेशन रोजगार के क्षेत्र में सदाबहार बताये जाते है, विद्यार्थियों को स्वकेन्द्रित होकर अपने संकाय की समस्त गतिविधियों तथा नई तकनीक से परिचित रहना चाहिए।

उनके अनुसार उद्योगीकरण ने रोजगार के कई साधन विकसित किये हैं अत: विद्यार्थियों को चाहिए कि कॉलेज द्वारा आयोजित हर गतिविधि में भाग लेकर अवसर का लाभ उठायें। इस अवसर पर श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के चीफ टैजनिंग एण्ड प्लेसमेन्ट कॉर्डिनेटर प्रो. पवन कुमार गोयल ने कहा कि प्लेसमैन्ट के बढ़ती चयन प्रक्रियाओं से यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि इंजीनियरिंग तथा कम्प्यूटर एप्लीकेशन के विद्यार्थी सभी प्रकार से प्रतिभा सम्पन्न है तथा निश्चित ही वे आगे चलकर अपने जनपद एवम् देश का नाम रोशन करेगें। संस्था के निदेशक डॉ. आलोक गुप्ता ने कंपनियों के प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया और उनसे भविष्य में श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज से जुडे रहकर टेजनिंग एण्ड प्लेसमेंट प्रक्रियाओं को मजबूत बनाने का आग्रह किया एवं सभी चयनित छात्र/छात्राओं को बधाई दी।

कम्प्यूटर एप्लीकेशन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. निशांत राठी ने सभी चयनित छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर श्रीराम ग्रुप ऑफ कोलेजेज, मुजफ्फरनगर के एकीकृत परिसर डीन डॉ. सुचित्रा त्यागी एवं श्रीराम कॉलेज के डीन आईक्यूएसी डॉ. विनीत कुमार शर्मा द्वारा सभी चयनित विद्यार्थियों की शुभकामानाएं दीं। कार्यक्रम के समन्वयक श्रीराम कॉलेज से मौ. यूसुफ रहे, जिन्होंने मुख्य प्लेसमेंट अधिकारी डॉ. पवन गोयल के निर्देशन में कार्यक्रम का आयोजन किया।

कार्यक्रम का संचालन कु. वेणी भारद्वाज ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में इं. शुभी वर्मा, इं. व्योम शर्मा, इं. अमित कुमार, इं. विवेक अहलावत एवं बीटेक की सभी शाखाओं से एवं कम्प्यूटर एप्लीकेशन के सभी प्रवक्ताओं का विशेष योगदान रहा।

## दुकानों के बाहर अतिक्रमण के कारण बढ़ रही जाम की समस्या

शामली, 19 नवम्बर (बु.)। शहर के भिक्की मोड पर दुकानों के बाहर किए जा रहे अतिक्रमण के कारण आये दिन लगने वाले जाम से नागरिक परेशान है। ट्रेफिक पुलिसकर्मियों द्वारा चाट पकौडी की दुकानों के बाहर अवैध पार्किंग के खिलाफ कोई कार्यवाही न किए जाने से नागरिकों में रोष व्याप्त हैं। शहर में जाम की समस्या मुंह बाये खडी रहती है, लेकिन शहर कोतवाली पुलिस हो गया ट्रेफिक पुलिसकर्मी कोई भी बिना किसी शिकायत के कार्यवाही करने के लिए तैयार नही है। पिछले दिनों गन्ने की ट्रेक्टर ट्रालियों को दुकानों के बाहर खडा करने के बाद व्यापारियों ने जमकर हंगामा किया और एसपी को शिकायत की गई, तो शहर कोतवाली पुलिस सडकों पर उतरी और व्यापारियों की दुकानों के बाहर से गन्ना वाहन हटाये गए। शहर के भिक्की मोड़ का भी यही हाल हो चुका है। मोड़ पर चाट पकौड़ी की दुकान के बाहर कई-कई बाईके खड़ी कर रास्ता विरूद्ध करने से नागरिकों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। शनिवार को भी स्कूलों की छुटटी के बाद शहर के भिक्की मोड़ पर जाम की स्थिति पैदा हो गई, जिसका मुख्य कारण दुकानों के बाहर किया गया अतिक्रमण था। एक तरफ गांव भैंसवाल से आने वाले गन्ना वाहन तो दूसरी ओर दुकानों के बाहर किए गए अतिक्रमण के कारण छात्राऐं घंटों जाम में फंसी रही।

### विद्युत लाइन हटवाने की मांग

कैराना, 19 नवम्बर (बु.)। मकानों के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन विद्युत लाइन से दो लोगों की मौत हो जाने का हवाला देते हुए उसे हटवाने की मांग गई है। नगर निवासी चौधरी बिलाल अहमद एडवोकेट, चौधरी वसीम अहमद एडवोकेट आदि ने संपूर्ण समाधान दिवस में पत्र देते हुए बताया कि कांधला रोड पर घनी आबादी में मकानों के ऊपर से हाईटेंशन विद्युत लाइन गुजर रही है, जहां लाइन की चपेट में आने से दो लोगों की अब तक मौत हो चुकी है। जबकि हर समय हादसे की आशंका बनी रहती है। न्होंने लाइन हटवाये जाने की मांग की है।

### मुजफ्फरनगर मंडी

मुजफ्फरनगर, 19 नवंबर, (बु.)। मंडी में गुड़-शक्कर के भाव इस प्रकार रहे:-ढैया 1200-1250, रसकट ढैया-960-1000, चाकू 1025-1265, लड्डू 1100-1300, खुरपापाड़ 1025-1070, शक्कर मसाला 1300-1321 आमद-7,000 मन।

### अरिहन्त ज्वैलर्स सर्राफा बाजार

मुजफ्फरनगर, 19 नवंबर, (बु.)। सोना-चांदी के भाव इस प्रकार रहे:-

| | |
|---|---|
| सोना- 52,600 | चांदी-61,000 |
| सिक्का- 75000 | गिन्नी- 40,000 |

### आपका आज का राशिफल

**रविवार, 20 नवंबर, 2022**

मेष- आज दिन 9/06 बजे तक दिनचर्या अव्यवस्थित, आरोग्य सुख में कमी, शेष समय संतोषजनक, परिस्थितियों में सुधार, व्यापार में धन निवेश।

वृषभ- आज दिन 9/06 बजे तक समय अनुकूल, स्वास्थ्य बेहतर, स्वनिर्णय हितकर, शेष समय में कार्य व्यवसाय में विफलता, अपेक्षित सहयोग का अभाव।

मिथुन- नवीन योजना के प्रति रुचि जागृत, किसी आयोजन में सम्मिलित होने का सुअवसर, रचनात्मक गतिविधियों में वृद्धि, ऋण भुगतान।

कर्क- विचारित कार्यों के प्रगति हेतु विचार विनिमय, इच्छानुकूल घटनाएं घटित, हर्ष एवं उल्लासमय वातावरण, स्थान परिवर्तन में कार्यक्रम।

सिंह- आज दिन 9/06 बजे तक लाभ में कमी, निजी इच्छापूर्ति में बाधा, बढ़ते हुए खर्च से चिन्तित, अकारण भ्रमण, शेष समय में व्यक्तिगत समस्या का हल।

कन्या- आज दिन 9/06 बजे तक समय अनुकूल, व्यापार में धन निवेश, पारिवारक प्रसन्नता, नवीन उपलब्धि, शेष समय में कार्यो के प्रति उदासीनता।

तुला- व्यावसायिक प्रगति का मार्ग प्रशस्त, धन की प्राप्ति, मेल-मिलाप में रुचि, आयोजन में सम्मिलित होने का सुअवसर।

वृश्चिक- विनियोजित धन का प्रतिफल प्राप्त, पारिवारिक उत्तरदायित्व की पूर्ति, स्थान परिवर्तन की दिशा में कार्यक्रम, जीवन साथी से सामंजस्य।

धनु- आज दिन 9/06 बजे तक व्यवसाय में असफलता, आरोग्य सुख में कमी, दुर्जनों से कष्ट, शेष समय में लाभ का सुयोग, कार्यो के बनने से प्रसन्नता।

मकर- आज दिन 9/06 बजे तक स्वास्थ्य में सुधार, पारिवारिक उलझनों में कमी, सुयश की प्राप्ति, शेष समय में योजना अधूरी, समस्याओं से मन दुविधामय।

कुम्भ- अभीष्ट कार्यों में सफलता का सुयोग, विवादास्पद मसला हल, स्थान परिवर्तन की दिशा में कार्यक्रम, शत्रु पराभूत, आपसी सम्बन्ध मधुर, सामाजिक कार्यों में वृद्धि।

मीन- पराक्रम से कार्य व्यवसाय में अनुकूलता, नवउत्तरदायित्व का निर्वाह आहार-विहार में नवीनता, किसी के माध्यम से जीवन में महत्वपूर्ण उपलब्धि।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

मुजफ्फरनगर बुलेटिन



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्री उत्तम चन्द्र शर्मा ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक- अंकुर दुआ
डिप्टी -सम्पादिका- श्रीमति पूजा दुआ
☎ (प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
विज्ञापन- 9368549219 (नि.) 7983359929,
सम्पादक- 9412210257
e-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com



1973-2022

सम्पादक की कलम से

# गुजरात और केजरीवाल

गुजरात विधानसभा चुनाव के पहले चरण में 89 सीटों पर 1 दिसंबर 2022 को मतदान होगा। इस चुनाव में केजरीवाल, कांग्रेस से भी ज्यादा जोर लगा रहे हैं, साथ ही सत्ताधारी भाजपा भी कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती है।भाजपा ने देश और प्रदेश स्तर के तमाम दिग्गज नेताओं को राज्य में प्रचार अभियान पर लगा दिया है। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा केंद्रीय मंत्रियों और मुख्यमंत्रियों सहित भाजपा के राष्ट्रीय नेता सब प्रचार में लगे हैं। जेपी नड्डा सहित लगभग 15 राष्ट्रीय भाजपा नेताओं ने 40 से अधिक जनसभाओं को संबोधित किया। इन नेताओं में केंद्रीय मन्त्री नरेंद्र सिंह तोमर और अनुराग ठाकुर, उत्तर प्रदेश के मुख्यमन्त्री योगी आदित्यनाथ, असम के मुख्यमन्त्री हिमंता बिस्वा सरमा और मध्य प्रदेश के मुख्यमन्त्री शिवराज सिंह चौहान मैदान में उतरे। इसके अलावा भाजपा युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या और लद्दाख से भाजपा सांसद जामयांग त्सेरिंग नामग्याल ने भी गुजरात में अपनी पार्टी के लिए प्रचार किया। गुजरात चुनाव को लेकर केजरीवाल ने भविष्यवाणी भी की है, यह अलग बात है उनकी भविष्यवाणी को कोई गंभीरता से नहीं ले रहा है, क्योंकि उन्होंने उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश दोनों में अपनी जीत की भविष्यवाणी की थी और दोनों राज्यों में उनके उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गयी थी। गुजरात में कांग्रेस-बीजेपी के बीच वोट बंट जाता है, इस बीच तीसरे के लिए जगह कहां है ? इस सवाल के जवाब में अरविंद केजरीवाल ने कहा, कोई चीज स्टेबल नहीं मानी जा सकती। केशुभाई पटेल, शंकर सिंह बघेला की मैं इज्जत करता हूं। वो अपने दौर के अच्छे नेता थे, लेकिन इस बार चमत्कार हो रहा है।अरविंद केजरीवाल ने खास इंटरव्यू में भविष्यवाणी करते हुए कहा, इस बार के चुनाव में कांग्रेस को सिर्फ 5 सीटें मिलेंगी। ये बात उन्होंने कार्यक्रम के दौरान कागज पर लिखकर भी दी। केजरीवाल ने कहा, कांग्रेस को कम सीटें मिलेंगी तो सारा वोट आम आदमी पार्टी को मिलेगा। केजरीवाल ने कहा, दिन-ब-दिन गुजरात में आप बढ़ती जा रही है, जबकि कांग्रेस और बीजेपी दिन पर दिन कम होती जा रही है। अरविंद केजरीवाल ने यहां तक कहा कि इस बार कांग्रेस के बड़े-बड़े नेता धराशाई होंगे। कांग्रेस ने केजरीवाल के इस इंटरव्यू को इस साल की सबसे बड़ी नौटंकी बताया। भाजपा नेताओं का कहना है कि केजरीवाल इन दिनों गुजरात में एक कमेडियन का रोल अदा कर रहें है, इनकी वास्तविकता नतीजे आने पर पता चलेगी।आम आदमी पार्टी के नेता अप्रैल के बाद ही से गुजरात में लगातार कैंप कर रहे हैं, लोगों से मिल रहे हैं। अरविंद केजरीवाल खुद गुजरात के लगातार दौरे कर रहे हैं।अरविंद केजरीवाल गुजरात की जनता के बीच पहुंचकर एक मौका देने की अपील कर रहे हैं, सिस्टम बदल देने, भ्रष्टाचार खत्म करने, मुफ्त बिजली, बेहतर पढ़ाई और स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के वादे कर रहे हैं। देखना यह है कि गुजरात की जनता उन्हें गंभीरता से लेती है या नहीं। आम आदमी पार्टी की आक्रामक प्रचार की रणनीति को देखते हुए बीजेपी ने भी अपनी चुनावी रणनीति बदल ली है। बीजेपी गुजरात में आम आदमी पार्टी का खाता भी नहीं खुलने देना चाहती और इसके लिए पार्टी ने मिशन "आप जीरो अभियान" शुरू किया है। देश के गृह मन्त्री अमित शाह ने हाल ही में कहा था कि आम आदमी पार्टी का खाता ही न खुले, इसके लिए भी प्रयास किए जाएंगे।अमित शाह ने ये भी कहा था कि चुनाव जीतने के लिए मैदान में उतरा जाता है। जनता के सामने दूध का दूध और पानी का पानी होना चाहिए। बीजेपी ने भी अब मौके की नजाकत को देखते हुए युवाओं पर फोकस कर दिया है। पार्टी अब इस कोशिश में है कि ऐसे वोटर्स की बदलाव की इच्छा को खत्म कर किसी भी तरह इन्हें पार्टी के पक्ष में लामबंद रखा जाए, जिनका जन्म भाजपा के 27 साल लंबे शासनकाल के दौरान हुआ है। गुजरात का चुनाव देश की सत्ता के दो शीर्ष पदों पर आसीन नेताओं, प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी और अमित शाह के लिए भी प्रतिष्ठापरक माना जा रहा है। ऐसे में भाजपा किसी भी तरह की कोई कोताही नहीं बरतना चाहती। पार्टी के नेताओं का ये मानना है कि हम 150 से अधिक सीटें जीतने का अपना लक्ष्य प्राप्त भी कर लेते हैं और आम आदमी पार्टी एक-दो सीटें भी जीत गई, तो ये गुजरात में केजरीवाल की सेंध के तौर पर देखा जाएगा। आम आदमी पार्टी एक भी सीट न जीत पाए, इसके लिए अब खुद गृह मन्त्री अमित शाह मैदान में आ गए हैं। पीएम मोदी और गृह मन्त्री अमित शाह गुजरात की चुनावी बाजी जीतने और आम आदमी पार्टी को शून्य सीटों पर समेटने के लिए रणनीति तैयार कर रहे हैं। एक-एक सीट के समीकरणों और हालात का बारीकी से विश्लेषण कर रणनीति बनाई जा रही है। बीजेपी का ध्यान ऐसी सीटों पर अधिक है, जहां आम आदमी पार्टी से कड़ी टक्कर मिलती नजर आ रही है। गृह मन्त्री अमित शाह इस चुनावी मौसम में पिछले कुछ दिनों से गुजरात ही में कैंप कर रहे हैं। वे टिकट वितरण से लेकर नाराज नेताओं को मनाने तक, एक्टिव भी नजर आ रहे हैं। प्रधानमन्त्री मोदी भी गुजरात में कैंप करेंगे। प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी तीन दिन गुजरात में रहेंगे और इस दौरान वे आठ जनसभाओं को संबोधित करेंगे। गुजरात चुनाव में भी केजरीवाल मुफ्त बिजली, शिक्षा और स्वास्थ्य के वादे कर रहे थे, तो दूसरी तरफ प्रधानमन्त्री ने इसे रेवड़ी कल्चर बताते हुए हमला बोला था। गुजरात में चुनाव के लिए चुनाव कार्यक्रम के ऐलान से पहले पीएम मोदी ने सूबे में कई रैलियां की थीं और सूबे को करोड़ों रुपये की विकास योजनाओं की सौगात दी थी। गुजरात की चुनावी रणभूमि में जारी सियासी आजमाइश में कौन किस पर भारी पड़ता है, ये तो 8 दिसंबर ही को पता चलेगा। जब चुनाव के नतीजे आएंगे, लेकिन ये बात है कि भाजपा का फोकस भी कहीं न कहीं कांग्रेस की चुनावी चुनौती से आम आदमी पार्टी की ओर आया है। भाजपा जब से प्रचार में सक्रिय हुई है, आम आदमी पार्टी पर लगातार हमले कर रही है। भाजपा आप को हल्के में लेकर नहीं चल रही है।

## चार तीर

-सुनील 'उत्सव'

"मोदी" "योगी" "नड्डा" "शाह"

मोदी, योगी, जे पी नड्डा और अमित शाह भी लगे,
अबके कुछ गंभीर सी है भाजपा गुजरात में।
दिल्ली वाले एक बन्दर की गुलाटी देखकर,
भाजपा का जोर सारा लग गया गुजरात में।


|| राम || || राम || || राम ||

रस्म तेरहवीं



अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे पूज्य श्री मदनगोपाल मित्तल जी का स्वर्गवास दिनांक 09 नवम्बर 2022, दिन बुधवार को हो गया है। प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी।
रस्म तेरहवीं आज दिनांक 20 नवम्बर 2022, दिन रविवार को होगी।

ब्रह्मभोज : दोपहर 12:00 बजे, रस्म पगड़ी : दोपहर 2:00 बजे
स्थान : मेहता क्लब वकील रोड, नई मण्डी, मुजफ्फरनगर

-शोकाकुल परिवार-

श्रीमती कुसुमलता (भाभी)
अनीता मित्तल (भाभी)
राजेश मित्तल-संगीता (भतीजा-भतीजवधु) (जैमिनी तम्बाकू वाले)
कपिल मित्तल-सीमा (भतीजा-भतीजवधु) (जैमिनी तम्बाकू वाले)
नमन मित्तल-अपूर्वा (भतीजा-भतीजवधु)
राकेश गुप्ता-रीतू (भतीजा-भतीजवधु)
आकर्ष मित्तल-निधि (भतीजा-भतीजवधु)
विशाल मनु मित्तल-डौली (पुत्र-पुत्रवधु)
वैशाली मित्तल (पुत्री)
प्रदीप, अतुल (भतीजे)
अरविंद गर्ग (भांजा)
वैष्णवी-सौरभ गर्ग (पौत्री-पौत्री दामाद)
कार्तिकेन, वैभव, अनमोल (पौत्र)
प्रियम, विभौर, रोहन (पौत्र)
वल्लभी, अनमोलिका, नन्दिनी (पौत्री)
भव्या, दीपाली (पौत्री)

समस्त सम्बन्धी एवं मित्तल परिवार
मोबाइल : 9810300701, 9719043086, 9837363456
नोट : कृपया पगड़ी लाने का कष्ट न करें। अलग से कार्ड नहीं भेजे जा रहे हैं।


# डीएस पब्लिक स्कूल में हुआ नि:शुल्क दंत एवं नेत्र परीक्षण कैंप आयोजित



मुजफ्फरनगर, 19 नवम्बर (बु.)। डीएस पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों के साथ विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं कर्मियों के लिए एक नि:शुल्क डेंटल एवं आई मेडिकल चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में जिले के दंत चिकित्सक वैकुंठ अग्रवाल ने अपनी टीम के साथ छात्रों व शिक्षकों एवं कर्मचारियों का दंत परीक्षण तथा नेत्र विशेषज्ञ डॉ. विक्रांत वशिष्ठ ने नि:शुल्क नेत्र परीक्षण किया।

इस दौरान स्कूल के मैनेजर सुधीर कुमार शर्मा, एजुकेशनल डायरेक्टर संतोष जैन, प्रधानाचार्य गगन शर्मा तथा कोऑर्डिनेटर संदीप दीक्षित आदि ने डॉ. वैकुंठ अग्रवाल एवं डॉ. विक्रांत वशिष्ठ का बुके देकर स्वागत एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। परीक्षण शिविर में डॉ. वैकुंठ अग्रवाल एवं डॉ. विक्रांत वशिष्ठ ने इस बीच में 100 से अधिक विद्यार्थियों का नि:शुल्क दंत एवं नेत्र परीक्षण करने के साथ उन्हें दांतो एवं आंखों की देखभाल करने एवं इनसे संबंधित बीमारियों से बचने के उपायों के विषय में समझाया। डॉ. वैकुंठ अग्रवाल ने बताया कि स्वस्थ मसूड़े एवं मजबूत दांत हमारे शरीर के लिए नितांत आवश्यक होने के साथ-साथ हमारे व्यक्तित्व को गरिमा प्रदान करते हैं। ऐसे में अपने दांतों की उचित तरीके से देखभाल करके दांतों से होने वाली तमाम बीमारियों से बचा जा सकता है।

उन्होंने बच्चों को उचित तरीके से ब्रश करने के विषय में भी समझाया। वहीं नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. विक्रांत वशिष्ट ने विद्यार्थियों को आंखों से संबंधित होने वाली बीमारियों एवं परेशानियों से बचने के उपायों के विषय में समझाया। उन्होंने कहा कि हमें यह भी ध्यान रखना चाहिए कि पढ़ते समय हमारे पास पर्याप्त रोशनी हो। आंखों से पुस्तक की दूरी तय न्यूनतम दूरी के अनुसार होनी चाहिए। बहुत अधिक झुक करके या लेट करके नहीं पढ़ना चाहिए। नियमित रूप से अपनी आंखों का परीक्षण भी करवाते रहना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को विटामिन-ए से भरपूर पोष्टिक भोजन विशेषकर हरी पत्तेदार सब्जियां को अपनी दिनचर्या में शामिल करने को कहा। उन्होंने विद्यार्थियों को मोबाइल का यथासंभव कम प्रयोग करने एवं बहुत देर तक लगातार लैपटॉप अथवा कंप्यूटर स्क्रीन पर काम ना करने की सलाह दी। उन्होंने स्वस्थ नेत्रों के लिए 20-20-20 का मूल मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ दृष्टि के लिए हमें हर 20 मिनट बाद 20 सेकंड के लिए 20 फीट दूरी पर देखना चाहिए। इससे आंखों की थकावट दूर होकर आंखों को नई ऊर्जा मिलती है। शिविर के समापन पर डॉ. वैकुंठ अग्रवाल एवं डॉ. विक्रांत वशिष्ट ने शिविर के आयोजन के लिए मैनेजमेंट विशेष रूप से स्कूल मैनेजर सुधीर कुमार शर्मा, डायरेक्टर रेणु शर्मा, एजुकेशनल डायरेक्टर संतोष जैन समेत स्कूल प्रधानाचार्य गगन शर्मा का आभार प्रकट किया।

## कार्यालय : नगर पंचायत शाहपुर जनपद मुजफ्फरनगर

पत्रांक : 460/न.पं.शा./2022-23 दिनांक : 19/11/2022

### कुटेशन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अत्यधिक ठण्ड एवं शीतलहर से उत्पन्न होने वाली समस्याओं के दृष्टिगत निराश्रित एवं असहाय तथा कमजोर वर्ग के असुरक्षित व्यक्तियों का राहत पहुंचाने हेतु नगर के विभिन्न मुख्य चौराहों पर अलाव जलाने हेतु लकड़ी क्रय करने हेतु दिनांक 28.11.2022 तक कुटेशन आमंत्रित किये जाते हैं, जो भी इच्छुक व्यक्ति/सप्लायर नगर पंचायत शाहपुर को सूखी लकड़ी के गट्टू विक्रय करना चाहे तो वह नियत दिनांक तक अपना कुटेशन कार्यालय नगर पंचायत शाहपुर को प्रस्तुत कर सकता है।

अधिशासी अधिकारी अध्यक्ष
नगर पंचायत शाहपुर, मुजफ्फरनगर


प्रथम पुण्य तिथि



स्व. श्रीमती कमलेश (चूड़ी वाली)
(अस्पताल, अहिल्याबाई चौक, मुजफ्फरनगर)
निर्वाण तिथि : 20 नवम्बर 2021
हम सभी आपके जाने पर अश्रुपूर्ण श्रद्धापूर्वक, श्रद्धासुमन अर्पित करते हैं तथा आपकी याद में दु:खी हैं और हमें आपकी याद हमेशा आती रहेगी।

-श्रद्धा सुमन-
धर्मपाल सिंह प्रजापति (पति)
नगरपालिका कन्या इण्टर कॉलेज, मुजफ्फरनगर
सचिन कुमार प्रजापति, शुभम कुमार प्रजापति (पुत्र)
नव्या प्रजापति (पौत्री), अक्षत प्रजापति (पौत्र)

-प्रतिष्ठान-
बालाजी कॉस्मैटिक एवं जनरल स्टोर
30 फुटा रोड, कूकड़ा मण्डी, मुजफ्फरनगर
मोबाइल : 9897336807, 8923241368



निदान स्पीच एण्ड हियरिंग सेन्टर

बहरेपन की जांच, हकलाने, तुतलाने का पक्का ईलाज

HEARING LOSS? WE CAN HELP




DON'T IGNORE HEARING LOSS, TREAT BEFORE IT'S TOO LATE

सभी प्रकार की कान की मशीनों पर 30 प्रतिशत की छूट

INVISIBLE WIRELESS RECHARGEABLE

ऑफर केवल 30 नवम्बर तक
ऑफर का लाभ लेने के लिए तुरन्त सम्पर्क करें
सभी प्रकार की स्पीच थैरेपी, गूंगे बहरे बच्चे का ईलाज
(Autism) ADHD बच्चों के लिए, Occupational therapy दी जाती है।

रजिस्ट्रेशन टाइमिंग : सुबह 9 बजे से 1 बजे तक

निदान स्पीच एण्ड हियरिंग सेन्टर
Muzaffarnagar Near IDBI Bank Sadar Bazar Gali no. 1
Contact Details : 8532811850


# प्रेक्षकों ने की उप चुनाव में तैयारियों की हुई समीक्षा

**-आयोग के दिशा-निर्देशों का होगा शत-प्रतिशत पालन: डीएम - नोडल-सहायक अधिकारियों के कार्यों की दी जानकारी**



मुजफ्फरनगर, 19 नवम्बर (बु.)। चुनाव आयोग द्वारा बनाए खतौली विधानसभा उपचुनाव के प्रेक्षकों ने शनिवार को लोकवाणी सभागार में उपनिर्वाचन से जुड़े अधिकारियों के साथ बैठक में अब तक की तैयारियों की समीक्षा के साथ चुनाव को शांतिपूर्ण व निष्पक्ष संपन्न कराने पर मंथन किया गया। उक्त बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी-डीएम चंद्र भूषण सिंह एवं एसएसपी विनीत जायसवाल द्वारा खतौली विधान सभा उप निर्वाचन-2022 को लेकर की गई तैयारियों की चर्चा करते हुए प्रेक्षकों को कार्यों की जानकारी दी। लोकवाणी सभागार में संपन्न हुई बैठक में प्रेक्षक डॉ. राज किशन प्रुथी, पुलिस प्रेक्षक ओम प्रकाश मीणा, व्यय प्रेक्षक विवेकानन्द की अध्यक्षता बैठक में बताया कि जनपद के समस्त विभागों के मतदान कार्मिकों की सूचियां सॉफ्टवेयर पर फीडिंग करने के साथ सोशल मीडिया से इसका प्रचार-प्रसार कराया जा रहा है। वहीं जनपद स्तर पर स्वीप से संबंधित जागरूकता अभियान को विभिन्न कार्यालयों, कॉलेजों व अन्य संस्थानों में स्लोगन, नारे, पतंग प्रतियोगिता के माध्यम से जागरूक किए जाने के निर्देश दिए गए। उप जिला निर्वाचन अधिकारी नरेन्द्र बहादुर सिंह द्वारा प्रेक्षक को अवगत कराया गया कि नामांकन प्रक्रिया पूरी हो गई है, अनेक बिंदुओं पर सहायक प्रभारी अधिकारी वाहन, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी को निर्देशित किया कि भारी वाहनों के संबंध में पुनः विधिवत रूप से आंकलन कर लें। डीएम ने निर्वाचन कार्यालय से रूटचार्ट प्राप्त करते हुए भारी व हल्के वाहनों के ईंधनों के संबंध में मानक अनुसार रूटचार्ट में अंकित दूरी के अनुसार ईंधन की खपत संबंधी रजिस्टर तैयार कर करने के निर्देश देते हुए कहा कि प्रभारी अधिकारी टेंट, फर्नीचर, बैरिकेडिंग, लाइट, साउंड आदि सभी संबंधित किसी प्रकार की समस्या निर्वाचन के बीच उत्पन्न नहीं होनी चाहिये।

जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि डेम्प को समय-समय पर जिले के संबंधित विभागों द्वारा सूचना प्राप्त करते हुए अपडेट दिया जाए, उप निर्वाचन की सूचनाओं का संकलन उनका प्रेषण तथा बुकलेट तैयार करने, व्यवस्था करने, निगरानी टीम, वीडियो अवलोकन टीम, लेखा टीम, मीडिया प्रमाणन एवं अनुर्वीक्षण समिति, उड़नदस्ता टीम, स्थाई निगरानी टीम, नगद धनराशि अवमुक्त टीम तथा शिकायत अनुर्वीक्षण नियंत्रण कक्ष एवं कॉल सेंटर गठित ईवीएम संबंधी प्रशिक्षण करा लिया जाये। उन्होंने बताया कि चुनाव में किसी तरह की शिकायत के लिए कंट्रोल रूम/डिस्टिक कॉन्टैक्ट सेंटर 0131-2433023 या टोल फ्री नं. 1950 में शिकायत की सूचना ऑनलाइन ऑफलाइन दोनों ही तरीके एवं सी-विजिल आदि नेट के माध्यम से व्यवस्थाएं सुनिश्चित करते हुए प्रतिदिन उन्हें निस्तारित एवं सुनिश्चित किया जाये। बिना अनुमति के खतौली विधानसभा में जनसभा न की जाये। उन्होंने कार्मिक, मतदाता सूची अपडेट, बैरीकेटिंग, पोस्टल बैलेट, परिवहन, कंट्रोल रूम, पार्टी रवानगी आदि को प्रेक्षक को बताया कि नोडल अधिकारियों को जो भी जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे सही ढ़ंग से कराने का प्लॉन तैयार किया गया है, समस्त विभागीय अधिकारी अपनी कार्य योजना बनाकर कार्य कर रहे हैं।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बताया कि भारत चुनाव आयोग की गाइड लाइन के अनुसार पूरी तैयारियां कर ली गई है। बैठक में एडीएम वित्त अरविन्द कुमार मिश्र, नगर मजिस्ट्रेट अनूप कुमार, वरिष्ठ कोषाधिकारी, डीआईओएस गजेन्द्र कुमार, खतौली विधानसभा उपनिर्वाचन में लगाये समस्त प्रभारी अधिकारी सहित समस्त सम्बन्धित उच्च अधिकारी उपस्थित रहे।

# नाबालिग साली को अगवा करने का आरोप

कांधला, 19 नवम्बर (बुस.)। क्षेत्र में जीजा अपनी नाबालिग साली को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया। घटना के सम्बन्ध में परिजनों ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाही की मांग की है।

कस्बा निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देते हुए आरोप लगाया कि उसकी बडी बेटी का निकाह जनपद मेरठ निवासी एक व्यक्ति के साथ 2 माह पूर्व हुआ था। आरोप है कि दामाद बडी विवाहित बेटी को छोडने के लिये घर आया था। आरोप है कि बीते बुधवार को दामाद नाबालिग साली को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया। परिजनों ने काफी खोजबीन के पश्चात पुलिस को नामजद तहरीर देकर कार्रवाही की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।


आवश्यकता है



अनुभवी इलैक्ट्रिकल इंजीनियर की आवश्यकता है, जिसको इलैक्ट्रिकल कन्ट्रोल पैनल बनाने का अनुभव हो।
-: सम्पर्क करें :-
9766667828
9412210020

REQUIRED TEACHERS



For Pre Primary classes (Play-LKG)
For Class (I to VIII) (All Subjects)
Walk in interview (21/11/22)
Contact : 6396182988
THE PINE CREST SCHOOL, JANSATH ROAD, MUZAFFARNAGAR

मकान बिकाऊ है



एक मकान, साउथ सिविल लाईन, प्रकाश चौक वाली गली में, जिसका स्थान 140 वर्ग गज (30'x42'), 14 फुटा रोड पर, जिसमें 4 कमरे पूरा सेट, दो कमरे पूरा सेट फर्स्ट फ्लोर पर मौजूद हैं।
-: सम्पर्क करें :-
M. 7895762955

आवश्यकता है



एक सेल्स गर्ल की, जिसे कम्प्यूटर का भी ज्ञान हो।
-: सम्पर्क करें :-
ज्वैलरी शोरूम
भगत सिंह रोड, मुजफ्फरनगर
9759223865

REQUIRED
Golden opportunity offered to talented candidates in a Leading Publication
DTP OPERATORS
(Experienced Candidates)
PROOF READERS/EDITORS
(Min. Qualification : Graduate)
(ATTRACTIVE SALARY)
(Meet with Resume)
Meet On : Sunday to Friday
Time : 11:00 AM to 05:00 PM
email : hr.mznoffice@gmail.com
Contact No. : 8171831119
G.R. BATHLA & SONS
(A Leading Publishing Company)
Opp. - Vikas Bhawan, Meerut Road, Muzaffarnagar (U.P.)


## UTTAR PRADESH SHASHAN NAGAR VIKAS ANUBHAG - 1

No. 3579/9-1-2022-93Pari/22, Lucknow Date : 18-Nov-2022

### NOTIFICATION

WHEREAS Notification No.-3435/9-1-2022-93 Pari/22, dated 04 November, 2022 was issued and published in Gazette with a view to invite objections and suggestions for issuance of notification for delimitition of Nagar Palika Parishad, Muzaffarnagar, District - Muzaffarnagar as required under sub-section (2) of section 11 of the Uttar Pradesh Municipalities Act, 1916 (U.P. Act No.-11 to 1916);

AND WHEREAS, after considering objections and suggestions in pursuance of said notification, final notification was published in the Gazette vide No.-3501/9-1-2022-93Pari/22, dated 10 November, 2022,

AND WHEREAS there have been certain typographical errors in the Schedule of Notification No.-3501/9-1-2022-79Pari/22, dated 10 November, 2022;

NOW, THEREFORE, in exercise of the powers under subsection (3) of section 11 of the Uttar Pradesh Municipalities Act. 1916 (U.P. Act No. 11 of 1916), the Governor is pleased to modify the in names of Ward no. 32 and 52 of Nagar Palika Parishad Muzaffarnagar, Distric - Muzaffarnagar, as mentioned in column-3 of the Schedule below.

SCHEDULE

Delimitition of Nagar Palika Parishad Muzaffarnagar, District Muzaffarnagar

| Ward No. | Name of Ward | Modified Name of Ward |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 32 | Mahmoodnagar - First | Janakpuri |
| 52 | Mahmoodnagar - Second | Mahmoodnagar |

(Amrit Abhijat)
Principal Secretary

## कार्यालय जिलाधिकारी, मुजफ्फरनगर

पत्रांक : 1424/21-मिस/एल.बी.सी., दिनांक : 19-नवम्बर-2022

### अधिसूचना

चूँकि उत्तर प्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1916 (उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या-2 सन् 1916) की धारा-11 ख के अधीन शक्ति का प्रयोग करके, राज्यपाल, उक्त धारा की उपधारा (2) के अधीन नगरपालिका परिषद, मुजफ्फरनगर, जिला मुजफ्फरनगर के नगरपालिका क्षेत्र के परिसीमन हेतु अधिसूचना संख्या-3435/9-1-2022-93 परि./22 दिनांक - 04 नवम्बर, 2022 जारी करके तद्दिनांक को गजट में प्रकाशित की गयी थी,

और चूँकी उक्त आदेश के अनुसरण में आपत्तियों पर विचार करने के पश्चात इस सम्बन्ध में अन्तिम अधिसूचना संख्या-3501/9-1-2022-93परि./22 दिनांक - 10 नवम्बर, 2022 गजट में प्रकाशित की गयी थी।

और चूँकी अधिसूचना संख्या - 3501/9-1-2022-93परि./22 दिनांक - 10 नवम्बर, 2022 की अनुसूची में कतिपय टंकण सम्बंधी त्रुटियां हैं।

अतएव, उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम, 1916 (उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या-2 सन् 1916) की धारा-11 ख के अधीन शक्ति का प्रयोग करके, श्री राज्यपाल, उक्त धारा की उपधारा (3) के अधीन नगरपालिका परिषद मुजफ्फरनगर, जिला - मुजफ्फरनगर के नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड संख्या 32 एवं 52 के वार्ड के नाम में नीच की अनुसूची के स्तम्भ-3 के अनुसार संशोधन करते हैं :-

अनुसूची

नगरपालिका परिषद, मुजफ्फरनगर, जिला - मुजफ्फरनगर का परिसीमन

| वार्ड संख्या | वार्ड का नाम | संशोधित वार्ड का नाम |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 32 | महमूदनगर प्रथम | जनकपुरी |
| 52 | महमूदनगर द्वितीय | महमूदनगर |

अमृत अभिजात
प्रमुख सचिव

# एम.जी. पब्लिक स्कूल में खट्टी मीठी यादों के संग एमजी पैनोरमा-2022 सम्पन्न















मुजफ्फरनगर, 19 नवम्बर (बुस.)। आज एम.जी. पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय वार्षिकोत्सव एमजी पैनोरमा-2022 का खट्टी-मीठी यादों के साथ एक उललासित और उत्साहित वातावरण के बीच बच्चों के द्वारा देशभक्ति, संस्कृति और सभ्यता से ओतप्रोत प्रेरक संदेशों के साथ प्रस्तुत कार्यक्रम के बीच समापन हुआ। इस वार्षिकोत्सव में प्रस्तुत कार्यक्रमों के सहारे जहां देश की सीमाओं पर भारत के मान की रक्षा पर प्राण न्यौछावर कर देने वाले अमर शहीदों को याद कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई, वहीं देश की उन वीरांगनाओं के बलिदान की मार्मिक कहानियों का जीवंतता प्रदान करते हुए मंचीय प्रस्तुतियों के सहारे लोगों तक पहुंचाने का काम किया गया, जो हंसते-हंसते मान-सम्मान और स्वाभिमान की खातिर बलिवेदी पर चढ़ गई। वार्षिकोत्सव के समापन समारोह में मुख्य अतिथि पशुपालन, मत्स्य एवं डेयरी विभाग भारत सरकार के राज्यमंत्री डॉ. संजीव कुमार बालियान तथा व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री कपिल देव अग्रवाल सपत्नी उपस्थित हुए। मुख्य अतिथियों का विद्यालय प्रांगण में पधारने पर भारतीय सेना के तीनों अंगों की वेशभूषा में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने मार्च पास्ट के दौरान सलामी देकर अभिनंदन किया। कार्यक्रम में एम.जी. चेरिटेबल ट्रस्ट के चेयरमैन सतीश गोयल, वैभव गोयल, मुध गोयल, एमजी मैनेजमेंट कमेटी के अध्यक्ष भीम कंसल, सचिव विकास गोयल, कोषाध्यक्ष रोहित सिंघल, मेम्बर विनीत सिंघल के साथ मुख्य अतिथि राज्यमंत्री डॉ. संजीव बालियान एवं राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने मिलकर मां सरस्वती के विग्रह के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर देशभक्ति और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की इस श्रृंखला भरे वार्षिकोत्सव समारोह शुभारंभ किया। प्रिंसीपल मोनिका गर्ग द्वारा अतिथियों, ट्रस्ट और मैनेजमेंट कमेटी के पदाधिकारियों एवं सदस्यगण के साथ ही अभिभावकों का विद्यालय प्रांगण में स्वागत किया। उल्लास, उमंग और उत्साह से परिपूर्ण वातावरण के बीच धूमधाम से आयोजित एमजी पैनोरमा-2022 में सभी कार्यक्रमों को अतिथियों और अभिभावकों के द्वारा सराहा गया। सभी ने कार्यक्रमों की विषय वस्तु के साथ ही बच्चों और इस कार्यक्रम को संवारकर एक चंद मिनट की प्रस्तुति के रूप में ढालते हुए सुन्दर मंचीय प्रस्तुति की सूरत देने पर स्कूल की प्रशंसा भी की। कार्यक्रम के शुभारंम से पूर्व विद्यालय के संस्थापक स्वर्गीय बाबू हरंबस लाल गोयल की प्रतिमा पर एमजी चेरिटेबल ट्रस्ट के चेयरमैन सतीश गोयल, एम.जी. मैनेजमेंट कमेटी के अध्यक्ष भीम कंसल, वैभव गोयल, कोषाध्यक्ष रोहित सिंघल, प्रिंसीपल मोनिका गर्ग आदि ने पुष्प अर्पित कर उनको श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में अतिथियों को बुके और अंगवस्त्र भेंट कर विद्यालय परिवार की ओर से उनका अभिनंदन किया गया। समापन समारोह में मंचीय प्रस्तुतियों का शुभारंभ भगवान श्री गणेश की वन्दना के साथ हुआ। छात्र-छात्राओं ने संगीतमयी प्रस्तुति से मन मोह लिया। अतिथियों के सम्मान और अभिनंदन के लिए बच्चों ने वेलकम डांस प्रस्तुत कर कार्यक्रम में सराहना प्राप्त की। देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व बलिदान करने वाले नेताजी सुभाष चन्द्र बोस को समर्पित राष्ट्र नायक-नेताजी कार्यक्रम के सहारे उनके जीवन संघर्ष और क्रांतिकारी आंदोलन का जीवन दर्शन सुन्दर ढंग से प्रस्तुत किया गया। संगीतमयी नृत्य प्रस्तुति पर आधारित कार्यक्रम रिदमिक-थंडर में छात्राओं ने भारतीय नृत्य कला के शास्त्रीय स्वरूप को अपनी प्रतिभा के सहारे मंच पर जीवंत करने का प्रयास किया। स्वार्थ के संबंधों पर टिके पिता और बेटियों के रिश्तों की मार्मिक कहानी पर आधारित इंग्लिश प्ले सेल्फ सेन्टर्ड रिलेशन को भी खूब सराहना मिली। बच्चों ने इस प्ले में अपनी अभिनय प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रामायण-एक महाकाव्य की प्रस्तुति को अतिथियों ने प्रशंसनीय बताया। इसमें बच्चों ने भगवान श्रीराम के जन्म से लेकर लंका से उनकी अयोध्या वापसी तक के सभी प्रसंगों को संक्षिप्त प्रस्तुति के रूप में बेहद सुन्दर ढंग से मंच पर प्रदर्शित किया। राजस्थान राज्य की तीन वीरांगनाओं को समर्पित कार्यक्रम वीरांगनाएं, सभी को भाव विभोर करने वाला रहा। इसमें पन्ना धाय का त्याग और पदमावती रानी का जौहर तथा राहनी हाडी के बलिदान का सुन्दर मंचन सभी ने सराहा। देशभक्ति से ओतप्रोत वतन के रखवाले कार्यक्रम के सहारे देश के अमर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई तो उत्साह और उमंग से परिपूर्ण यूपी लाइट कार्यक्रम से इस वार्षिकोत्सव का समापन हुआ।

विद्यालय के मेधावी छात्र छात्राओं को परीक्षाओं, खेल-कूद व अन्य आयोजनों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर ट्राफी व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रिंसीपल मोनिका गर्ग ने इस वार्षिकोत्सव को सुन्दर और सफल बनाने में सहयोग देने पर मैनेजमेंट कमेटी, ट्रस्ट के पदाधिकारियों व सदस्यों, अभिभावकों, शिक्षक-शिक्षिकाओं और विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। मैनेजमेंट कमेटी की ओर से सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुजफ्फरनगर बुलेटिन के सम्पादक अंकुर दुआ, राज्यमंत्री डॉ. संजीव बालियान की ताई जी बलवीरी देवी, रविन्द्र बालियान, उनकी धर्म पत्नी सुनीता बालियान, राजयमंत्री कपिल देव अग्रवाल की धर्मपत्नी अनु अग्रवाल, पुत्रवधु सुचि अग्रवाल, डॉ. पी.के. अग्रवाल (रिटायर्ड हैड फिजिक्स डिपार्टमेंट डीएवी कॉलेज), कुंजबिहारी अग्रवाल, डॉ. ए.के. विरमानी, डॉ. मृणालिनी अनन्त, विभोर अग्रवाल, पारूल अग्रवाल, माधुरी सिंह एडवोकेट, विजेन्द्र सिंह, डॉ. अनुभषण, डॉ. अविनाश रमानी, नीना रमानी, सीए अजय अग्रवाल, प्रदीप मलिक एडवोकेट, कपिल तोमर, आकाश कुमार, गौरव सिंघल, नीता गर्ग, डीजीसी क्रिमीनल राजीव शर्मा, कुलदीप गोयल, राकेश बिन्दल, सभासद राजीव शर्मा, मनोज वर्मा, नवनीत कुच्छल, जितेन्द्र कुच्छल, डॉ. आर.एम. तिवारी, सत्यवीर सिंह, एडीजीसी अरूण जावला, एडीजीसी विक्रांत राठी, एडीजीसी कमकान्त, राजीव जैन, अमन अरोरा, सुरेन्द्र कुमार अग्रवाल, अनन्त सिंघल, मानसी सिंघल, प्रेरणा मित्तल आदि मौजूद रहे।



## छात्रों के लिए कपिल व संजीव ने की 1-1 लाख की घोषणा

मुजफ्फरनगर, 19 नवम्बर (बु.)। एमजी स्कूल के वार्षिक उत्सव के दौरान सांसद संजीव बालियान व राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने छात्रों को उपहार स्वरूप 1-1 लाख रुपए देने की घोषणा की, जिसमें स्कूल के समस्त छात्र-छात्राओं के लिए पेन मंगाने की बात कही गयी। इसी के साथ-साथ कमैटी के चेयरमैन सतीश गोयल ने जानकारी देते हुए बताया कि वे अपनी ओर से पिछले दो महीने से लगातार तैयारी करा रही सभी टिचर्स के अकाउण्ट में 11-11 सौ रुपये व उनके सहायकों के अकाउण्ट में पांच-पांच सौ रुपये डलवायेंगे। उन्होंने बताया कि उक्त राशि उपहार रूप में है, सिर्फ पैसा देना ही उनका उद्देश्य नहीं है, बल्कि उत्साहवर्धन करना है।



## भीम कंसल के पुत्र और पुत्र वधु को दिया आशीर्वाद

मुजफ्फरनगर, 19 नवम्बर (बु.)। एमजी पेनोरमा के आयोजन में आज प्रमुख उद्यमी भीम कंसल के पुत्र के विवाह पर विशेष शुभकामना दी गई। प्रमुख उद्यमी भीम कंसल के पुत्र पराग कंसल का विवाह गोपिका कंसल के साथ हुआ था। आज एमजी पेनोरमा के मंच पर नव युगल को बुलाकर उनका अभिनंदन किया गया तथा उन्हें शुभकामनाएं दी गईं। इस मौके पर एमजी के ट्रस्ट के अध्यक्ष भीम कंसल, एमजी के चेयरमैन प्रमुख उद्यमी सतीश गोयल समेत तमाम लोगों ने उनके सुखद भविष्य की कामना की।






## दो फूलों के लिए राह तकती रह गई झांसी की रानी

मुजफ्फरनगर, 19 नवम्बर (बु.)। देश की आजादी में बड़ा योगदान देने वाली लक्ष्मी बाई की याद में शहर के बीच झांसी की रानी के नाम से उनकी प्रतिमा बनाकर उन्हें सम्मान तो दिया गया है, लेकिन आज उनकी जंयती पर यह विशाल प्रतिमा श्रद्धांजलि के दो फूलों के लिए छपासू नेताओं का इंतजार करती रही। पालिका के संरक्षण के बने इस स्मारक पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए कोई नहीं पहुंचा। ना तो सत्ता और ना विपक्ष या किसी सामाजिक संगठन क़ो इस प्रतिमा की सुध ली।

## प्लॉट पर कब्जे के प्रयास का आरोप

मुजफ्फरनगर, 19 नवम्बर (बु.)। द्वारिकापुरी की एक महिला ने कुछ लोगों पर उसके प्लॉट पर कब्जे का प्रयास करने का आरोप लगाते हुए एसएसपी से कार्रवाई की गुहार लगाई है। एसएसपी के नाम दिए प्रार्थना पत्र में जसपाल कौर पत्नी सरदार रंजीत सिंह ने बताया कि उसने वर्ष 2009 में भोपा रोड पर एक प्लॉट खरीदा था। आरोप है कि कुछ लोग उक्त प्लॉट को अपना बताकर उस पर कब्जे का प्रयास कर रहे हैं। बताया कि फर्जी कागजात के आधार पर उसके प्लॉट का बैनामा किसी और के नाम कर दिया है। उस शख्स ने किसी दूसरे को बेच दिया है। विरोध करने पर गाली-गलौच करते हुए उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई है। शिकायतकर्ता ने एसएसपी से मामले की जांच कराकर कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

### कानपुर देहात के एसडीएम रहे अजय कुमार राय बने प्रधान प्रबंधक

भोपा, 19 नवम्बर (बु.)। उत्तर प्रदेश सहकारी चीनी मिल संघ लिमिटेड लखनऊ के प्रबंध निदेशक ने कानपुर देहात के एसडीएम रहे अजय कुमार राय को दि गंगा किसान सहकारी चीनी मिल के प्रधान प्रबंधक के पद पर भेजा है। मिल के प्रधान प्रबंधक कमल रस्तोगी 30 नवंबर को सेवानिवृत हो रहे हैं। मिल के प्रशासनिक अधिकारी ऋषिपाल सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश सहकारी चीनी मिल संघ लिमिटेड लखनऊ के प्रबंध निदेशक रमाकांत पांडेय ने बीते 10 नवंबर को कानपुर देहात के एसडीएम पद से स्थानांतरण होकर आए अजय कुमार राय को दि गंगा किसान सहकारी चीनी मिल मोरना के प्रधान प्रबंधक के पद पर भेजा गया है।

## ग्रामीण महिलाओं ने किया डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन

मुजफ्फरनगर, 19 नवम्बर (बु.)। ग्राम प्रधान पर राशन के वितरण न कराने के साथ ही क्षेत्र में सड़क, पानी, स्ट्रीट लाईट समेत अन्य समस्याओं के निदान न कराने के गंभीर आरोप लगाते हुए शनिवार को दर्जनों महिलाओं ने डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन किया। इस दौरान डीएम को सौंपे शिकायती पत्र में इन महिलाओं ने ग्राम प्रधान के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग करते हुए गांव की मूलभूत सुविधाओं का निदान कराए जाने की मांग की। शनिवार को डीएम कार्यालय पर पहुंची जानसठ तहसील के ग्राम बाखरनगर की महिलाओं ने डीएम चन्द्र भूषण सिंह को सौंपे गए शिकायती पत्र में बताया कि वें ग्राम प्रधान प्रवेज अली की उपेक्षा से आहत हैं, जिनके द्वारा न तो क्षेत्र में सड़क निर्माण, स्ट्रीट लाइट, जल निकासी और सफाई व्यवस्था की ओर ध्यान



दिया जा रहा है और न ही राशन का वितरण ही पात्रों को किया जा रहा है। उनका आरोप है कि ग्राम बाखरनगर मुख्य रूप से ग्राम कासमपुर व रहकड़ा का हिस्सा है, जिसमें प्रधान द्वारा गरीब बस्ती के लोगों की उपेक्षा लगातार की जा रही है।

उनका आरोप है कि गांव में गरीबों के मकान टूटे हुए हैं, जिसकी ओर प्रधान का ध्यान ही नहीं है, वहीं दूसरी ओर पानी की टंकी उनके गांव में लगाई जा रही है, जिसकी क्षेत्र के लोगों को जरुरत ही नहीं है। ऐसे में अनावश्यक रूप से उनके क्षेत्र में जबरन पानी की टंकी बनाने का ग्रामीणों द्वारा विरोध किए जाने पर प्रधान गाली गलौच करने पर उतारू हो जाते हैं। इस दौरान मुख्य रूप से रूपा कटारिया, मेघराज, पूजा, अनिता, राकेश, कविता, संगीता, ब्रिजेश, फूलमती, शकुन्तला, पिंकी, धर्मवती, सरोज आदि मौजूद रही।

## अब सिंचाई विभाग के डाक बंगले पर मिलेंगे व्यय प्रेक्षक

मुजफ्फरनगर, 19 नवम्बर (बु.)। खतौली उप चुनाव पर निगरानी रखने के साथ इस उप चुनाव को निर्विघ्न, शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने अपनी तमाम तैयारियों को अंतिम रूप देने की पहल कर ली है। ऐसे हालातों में आयोग के निर्देशों का अक्षरत: पालन कराने और चुनाव प्रक्रिया पर निगरानी करने के लिए आयोग की ओर से प्रेक्षक जनपद में पहुंच गए हैं। खतौली उप चुनाव को लेकर शुरू हुई प्रक्रिया के बीच अपर जिला निर्वाचन अधिकारी एडीएम ने बताया कि खतौली उप चुनाव में भारत निर्वाचन आयोग की ओर से व्यय लेखा प्रेक्षक के रूप में विवेकानन्द आईसीएएस-2010 मुजफ्फरनगर खंड गंग नहर निरीक्षण भवन के कक्ष नंबर एक में सुबह 8 बजे से 10 बजे तक जनसामान्य से मिलने के लिए उपलब्ध रहेंगे। उन्होंने बताया कि निरीक्षण भवन में दूरभाष संख्या 0131-2970237 या मोबाइल नंबर 9412641853 पर प्रेक्षक से संपर्क कर सकते हैं।

## महिला व बेटी के साथ मारपीट

कांधला, 19 नवम्बर (बु.)। थाना क्षेत्र के नईबस्ती निवासी मोहसिना पत्नी रफीक ने अपने देवर व उसके परिवार पर जबरन घर में घुसकर अभद्रता करते हुए तोडफोड़ करने व विरोध करने पर महिला व उसकी बेटी नूरजंहा के साथ मारपीट कर घायल करने का आरापे लगाया है।

महिला ने अपना उपचार कराने के बाद पुलिस को नामजद तहरीर देकर कार्रवाही की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## एआरटीओ, यातायात प्रभारी की टीम ने किए 3 वाहन सीज

मुजफ्फरनगर, 19 नवम्बर (बु.)। एआरटीओ आरपी मिश्रा एवं यातायात प्रभारी रूप किशोर शर्मा की संयुक्त टीम के शनिवार को डग्गामार वाहनों के खिलाफ अभियान चलाते हुए अवैध रूप से सड़कों पर फर्राटा भर रहे इन वाहनों की जांच की तो हाईवे से संपर्क मार्गो तक हड़कंप मच गया। इस दौरान दोनों विभागों की संयुक्त टीम ने अवैध रूप से डग्गामारी कर चल रहे तीन वाहनों को सीज कर दिया। मुजफ्फरनगर में अधिकारियों की व्यवस्तता और चुनिंदा लोगों की शह पर अवैध रूप से सड़कों पर डग्गामारी बड़े पैमाने पर बढ़ती जा रही है। ऐसे हालातों में चुनिंदा लोगों की बदौलत जनपद में इस कारोबार में लगे लोग स्वयं को सर्वेसर्वा मान बैठे हैं। इन्हीं लोगों की वजह से हाइवे से संपर्क मार्ग तक आए दिन मारपीट व अवैध वसूली आम बात हो रही है। इस फजीहत से नींद से जागे पुलिस प्रशासन व परिवहन विभाग की शुरू कार्रवाई से जनपद में हड़कंप मच गया। हालांकि अभी कुछेक कुछ मार्ग ऐसे अभी भी हैं जिन पर डग्गामारी चोरी-छुपे चल रही है।

शनिवार को परिवहन विभाग एवं यातायात पुलिस द्वारा शुरू किए अभियान से जनपद में अवैध रूप से संचालित डग्गामार वाहनों के विरुद्ध अभियान चलाया। इस दौरान एआरटीओ आरपी मिश्रा व यातायात प्रभारी रूप किशोर ने वहलना बाईपास से संचालित अवैध डग्गामारी के कार्य पर प्रहार करते हुए तीन ऐसे वाहनों को सीज किया जो राजस्व को हानि पहुंचा रहे थे। ऐसे अवैध डग्गामारी के कारण ही परिवहन विभाग को घाटा होता है। वहीं इस अवैध डग्गामारी दुर्घटनाओं को भी जन्म देती है, जिसे रोकने के लिए परिवहन एवं यातायात विभाग के प्रयास समय-समय पर चलते हैं और ऐसी सख्त कार्रवाई से काफी हद तक अंकुश लग सकता है। ऐसे अभियान लगातार चलने से ही वाहन दुर्घटनाओं पर रोक के साथ राजस्व की बढ़ोतरी भी होंगी, जिसके सार्थक प्रयास किए जाने चाहिए।

# नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म के आरोपी तांत्रिक को उम्र कैद की सजा

मुजफ्फरनगर, 19 नवम्बर (बु.)। बहला फुसलाकर नाबालिग का अपहरण कर रेप करने के आरोपी तांत्रिक को एससी-एसटी कोर्ट के जज जमशेद अली ने दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई है। कोर्ट ने दोषी पर 10 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया है। विशेष लोक अभियोजक यशपाल सिंह और सहदेव सिंह ने बताया कि जनपद शामली के कस्बा बनत निवासी एक व्यक्ति की 17 वर्षीय बेटी रात के समय अचानक गायब हो गई थी। उन्होंने बताया कि इस मामले में 30 दिसंबर 2013 को पीड़िता के पिता ने मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया था कि 29 दिसंबर की रात को उसकी 17 वर्षीय पुत्री अचानक गायब हो गई। बताया था कि उसके घर में यशवीर उर्फ एशवीर निवासी काकौर थाना छपरौली जनपद बागपत आकर झाड़-फूंक करता था। आरोप लगाया था कि यशवीर उसकी नाबालिग पुत्री का बहला फुसलाकर अपहरण कर ले गया है। पुलिस ने इस मामले में नामजद मुकदमा दर्ज कर आरोपी को अरेस्ट कर जेल भेज दिया था। पीड़िता ने अपने बयानों में बताया था कि आरोपी बहला फुसलाकर उसका अपहरण कर ले गया था। उसने बताया था कि एक अनजान जगह ले जाकर उसके साथ काफी दिनों तक बिना उसकी मर्जी के रेप किया गया। पुलिस ने पीड़िता की बरामदगी कर आरोपी को भी अरेस्ट कर लिया था। पुलिस ने विवेचना के बाद आरोपी के विरुद्ध कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी। विशेष लोक अभियोजक यशपाल सिंह और सहदेव सिंह ने बताया कि घटना के मुकदमे की सुनवाई विशेष एससी-एसटी निवारक कोर्ट के जज जमशेद अली ने की। उन्होंने बताया कि कोर्ट ने दोनों पक्ष की बहस सुनने के बाद आरोपी यशवीर उर्फ एशवीर को बहला-फुसलाकर अपहरण करने और रेप का दोषी ठहराया। बताया कि कोर्ट ने दोषी को उम्रकैद की सजा सुनाई है, उस पर 10 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया गया है।

## सम्पत्ति विवाद में महिला पर हमला

मुजफ्फरनगर, 19 नवम्बर (बु.)। पुश्तैनी मकान को लेकर चले आ रहे विवाद में एक महिला की हत्या का प्रयास किया गया। पीड़िता ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है, जिस पर पुलिस ने कार्यवाही शुरू कर दी है। नई मंडी थाने पर दर्ज कराई गई रिपोर्ट में अलमासपुर निवासी सुनीता पत्नी संतोष ने बताया कि पुश्तैनी मकान को लेकर उसका अपने जेठ के पुत्र बंटी के साथ मुकदमा चल रहा है। पीड़िता ने आरोप लगाया कि 28 जुलाई को बंटी ने अपने भाई शंभू व मां शकुंतला के साथ हथियारों से लैस होकर उसके घर पर धावा बोल दिया। आरोपियों ने उसकी हत्या करने के इरादे से उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। चीख पुकार पर पास पड़ौस के लोगों ने डायल 112 पर फोन कर दिया। पुलिस के आने पर आरोपी मौके से फरार हो गये। पीड़िता का आरोप है कि राजनीतिक दबाव के चलते पुलिस ने उसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की, तब पीड़िता ने अदालत की शरण ली। अदालत के आदेश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

## कूकड़ा में तीन लोगों पर जानलेवा हमला

मुजफ्फरनगर, 19 नवम्बर (बु.)। कूकड़ा निवासी मतलूब ने नई मंडी थाने पर दर्ज कराई गई रिपोर्ट में बताया कि उसके घर के सामने बन रही सरकारी सड़क पर जब आरसीसी का लेंटर डाला गया, तो कच्चे लेंटर पर गांव का ही इस्तकार चल रहा था। उसने उसे ऐसा करने से रोका तो, इस्तकार ने गाली-गलौच शुरू कर दी। उस समय कुछ लोगों ने मामला शांत करा दिया। आरोप है कि इसी रंजिश के चलते इस्तकार ने अपने भाई इंतजार व दो अज्ञात लोगों के साथ मिलकर उसके पुत्र समीर को रास्ते में रोककर मारपीट शुरू कर दी। जब वह अपने पुत्र को बचाने गया, तो उसके साथ भी मारपीट की गई।

## दो लुटेरे गिरफ्तार

मुजफ्फरनगर, 19 नवम्बर (बु.)। सिविल लाइन पुलिस ने अंसारी रोड पर युवक से सोने की चेन लूटने वाले दोनों बदमाशों को लूटी गई चेन व बाइक सहित गिरफ्तार करने का दावा किया है। सिविल लाइन इंस्पेक्टर ब्रजेश कुमार शर्मा ने बताया कि गुरूवार देर रात कृष्णापुरी निवासी पीयूष से दो बाइक सवार बदमाशों ने अंसारी रोड पर सोने की चेन लूट ली थी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर बदमाशों की तलाश में जुट गई थी। शनिवार को पुलिस ने चैकिंग के दौरान दो बदमाशों को दबौच लिया। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम राशिद और सिराजू निवासीगण पुरबालियान थाना मंसूरपुर बताये। पूछताछ में दोनों ने चेन लूट की वारदात करना कबूल किया। पुलिस ने लूटी गई चेन और वारदात में प्रयुक्त बाइक बरामद की है। पूछताछ के बाद पुलिस ने दोनों को जेल भेज दिया है।

## चाकुओं समेत दो दबोचे

मुजफ्फरनगर, 19 नवम्बर (बु.)। शहर कोतवाली पुलिस ने 2 लोगों को अवैध शस्त्र रखने के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि शहर कोतवाली पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान फक्करशाह चैक निवासी मेहताब पुत्र फजला व मखियाली निवासी इस्लाम पुत्र जरीफ को चाकुओं के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

## अभियोजन कार्यों की समीक्षा में पोक्सो एक्ट के मामलों पर जोर

मुजफ्फरनगर, 19 नवम्बर (बु.)। अभियोजन कार्यो की समीक्षा करते हुए अपर जिलाधिकारी प्रशासन नरेन्द्र बहादुर सिंह ने समस्त लोक अभियोजकों को निर्देशित किया कि गम्भीर प्राकृति के वादों में प्रभावी पैरवी कर अधिक से अधिक दोषियों को सजा दिलायी जाये, उन्होंने पॉक्सो एक्ट में मजबूती से पैरवी करने के निर्देश देते हुए कहा कि लक्ष्य निर्धारित करते हुए अधिक से अधिक दोषियों को सजा दिलाए जाना सुनिश्चित किया जाए। जिससे अपराधी किस्म के लोगों को यह संदेश जाये कि कानून का उल्लंघन करने पर प्रत्येक व्यक्ति को सजा मिलेगी। अभियोजन कार्यो की मासिक समीक्षा करते हुए अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने कहा कि प्रत्येक माह की कार्य योजना बनाते हुए जनपद की शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा करने वाले अपराधियों को सजा दिलाया जाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि न्यायालय में साक्ष्य के लिए आने वाले गवाहों से शत प्रतिशत परिक्षित कराया जाये तथा दोषमुक्त मामलों में नियमानुसार अपील की कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाये। अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने मौजूद शासकीय अधिवक्ताओं एवं अभियोजन के अधिकारियों से न्यायालयों में साक्षियों की उपस्थिति और उनके पक्षद्रोही होने के कारणों की समीक्षा की एवं कहा कि समन तामीली समयबद्ध होनी चाहिए। अधिकतम साक्षियों को न्यायालयों के समक्ष परीक्षित कराया जाये। अकारण साक्षियों की वापसी ना होने पाए, यह प्रत्येक दशा में सुनिश्चित किया जाए। न्यायालयों में विचाराधीन मामलों में सफल अभियोजन पैरवी कर सजा का प्रतिशत बढ़ाया जाना चाहिए। ताकि न्यायालयों में लंबित पुराने मामलों का निस्तारण शीघ्र हो सके। अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने बताया कि पॉक्सो एक्ट में समीक्षा करते हुए माह अक्टूबर में कुल 44 नये वाद दायर किये गए जिनमें शासकीय अधिवक्ताओं ने गंभीरता से पैरवी करते हुए पूर्व तथा नये कुल 41 वादों का निस्तारण करा दिया गया। उन्होने कहा कि शासन द्वारा मुख्य रुप से पॉक्सो एक्ट, महिला संबंधित अपराध, गुंडा एक्ट में अत्याधिक गंभीरता के साथ समीक्षा की जाती है इसलिए वादों में पैरवी जटिलता से की जाए एवं मामलों को जल्द से जल्द निर्णीत कराने हेतु अभियोजक विशेष ध्यान दे। गत माह में अधिकाधिक दायर वादों का निस्तारण कराया गया जिसके लिए अपर जिलाधिकारी प्रशासन द्वारा समस्त अभियोजकों की प्रशंसा भी की गयी। बैठक में पुलिस अधीक्षक अपराध प्रशान्त प्रसाद एवं समस्त शासकीय अधिवक्ता उपस्थित रहें।